## रिम्स में इलाजरत दहेज हत्या के आरोपी की मौत

**रांची।** देवघर जिला के मोहनपुर थाना क्षेत्र का रहने वाला विचाराधीन कैदी कामदेव यादव की मौत इलाज के दौरान रिम्स में हो गयी। बताते चलें कि 3 नवंबर को देवघर सदर अस्पताल के तीन सदस्यीय मेडिकल बोर्ड की अनुशंसा पर उसे इलाज के लिए रिम्स लाया गया था। कैदी कामदेव दहेज हत्या के आरोप में जेल में बंद था। मौत के बाद शव की पोस्टमार्टम मजिस्ट्रेट की निगरानी में कराई जाएगी। मेडिकल बोर्ड का गठन कर पोस्टमार्टम करने की अनुशंसा देवघर केंद्रीय कारा के अधीक्षक ने रिम्स अधीक्षक से की है।

## सदर अस्पताल में डेडिकेटेड कैंसर वार्ड शुरू
## बड़ी आंत वाले मरीजों का होगा ऑपरेशन


**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सदर अस्पताल में हर दिन मरीजों के लिए नई सुविधाएं शुरू की जा रही है। रांची का सदर हॉस्पिटल राज्य का एक मात्र ऐसा जिला अस्पताल बन गया है, जिसकी पहचान सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के रूप में होने लगी है। यहां अब बड़ी आंत के कैंसर की सर्जरी की जाएगी। आंकोलॉजी सर्जरी विभाग के डॉ प्रकाश भगत ने बताया कि सदर अस्पताल में आंकोलॉजी सर्जरी की शुरूआत एक महीने पहले की गई है। ओपीडी में मरीज पहुंच भी रहे हैं। सदर के डेडिकेटेड कैंसर वार्ड में 14 बेड की व्यवस्था है, जहां मरीज भी भर्ती हो रहे हैं। इनमें से एक महिला ओवेरियन ट्यूमर, बड़ी आंत के कैंसर की मरीज भी भर्ती है। सदर अस्पताल में इस मरीज के आंत में कैंसर की पहचान हुई थी, जिन्हें सर्जरी की जरूरत है। डॉ प्रकाश भगत ने बताया कि इसकी सूचना परिजनों को दे दी गई है। सदर अस्पताल प्रबंधन अपने स्तर से तैयारी कर चुका है, परिजनों के हामी भरते ही ऑपरेशन कर दिया जाएगा। बताते चलें कि यह ऑपरेशन आयुष्मान भारत योजना के तहत किया जाएगा। इसकी शुरूआत होने से रांची सहित राज्यभर के मरीजों को फायदा होगा।

## प्रोन्नति रोकने के नाम पर शिक्षकों से हो रही पैसे की अवैध उगाही
# मोर्चा बनाकर शिक्षकों से चंदा उगाही कर रहे शिक्षक नेता बेटी के खाते में पैसा मांगा रहे हैं मोर्चा के जिला संयोजक

**सुधीर**

**रांची।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग से लड़ाई लड़ने के नाम पर झारखंड प्रदेश संयुक्त मोर्चा के जिला संयोजक अपनी बेटी मानवी मिश्रा के खाते में शिक्षकों से पैसा डलवा रहे हैं। झारखंड प्रदेश संयुक्त शिक्षक मोर्चा की ओर से राज्य के शिक्षकों से अपील की गई है कि मोर्चा की ओर से जारी किए गए अकाउंट नंबर (एसबीआई-40683342483) एवं बारकोड सुमेश मिश्रा जी का है, जो राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के रांची जिला इकाई के अध्यक्ष और राष्ट्रीय मोर्चा के जिला संयोजक हैं। यह कहा गया है कि इनके खाते में सभी शिक्षक सहयोग राशि जमा कर दें। अब तक जिन साथियों ने सहयोग राशि जमा नहीं किया है, स्वेच्छा पूर्वक, स्वहित के साथ-साथ




शिक्षक हित में यथाशीघ्र अपने सहयोग राशि जमा कर दें, ताकि मोर्चा की यह मुहिम अनवरत चलती रहे। मोर्चा की ओर से जारी अपील में कहा गया है कि मोर्चा के प्रमुख घटक राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ एवं झारखंड राज्य उर्दू




शिक्षक संघ, झारखंड स्टेट प्रायमरी टीचर्स एसोसिएशन और झारखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ के सभी शिक्षक प्रतिनिधियों शिक्षक एवं शिक्षा क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं। विभाग के कई प्रतिकूल आदेशों का विरोध कर रहे हैं। शिक्षक प्रोन्नति भी उन्हीं में से एक है। मोर्चा इसका विरोध कर रहा है और इसमें लाखों रुपए खर्च होंगे। ऐसे में सभी शिक्षकों का सहयोग जरूरी है।

इधर सेवानिवृत्त शिक्षकों का एक प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षा सचिव से मिलकर कुछ शिक्षकों द्वारा मोर्चा बनाकर पैसे की अवैध वसूली की शिकायत की है।

### ग्रेड-7 पद पर प्रोन्नति नहीं होने पर रही ये समस्या

- विगत 15-20 वर्षों से प्रधानाध्यापक के पद पर प्रोन्नति नहीं हुई है और सैकड़ों शिक्षक प्रोन्नति की आस लिये सेवानिवृत्त हो गये।
- रांची जिले में मध्य विद्यालयों में प्रधानाध्यापक के स्वीकृत कुल 294 पदों में सभी पद रिक्त है।
- मध्य विद्यालयों में नियमित प्रधानाध्यापक नहीं रहने से कई कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में अवरोध पैदा हो रहा है।
- विद्यालय में पठन-पाठन की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है।
- शिक्षकों के वेतनादि भुगतान प्रभावित और इसके लिए बीईईओ को डीडीओ बनाया गया है। एक बीईईओ दो से तीन ब्लॉक के डीडीओ का कार्य कर रहे हैं।
- नई शिक्षा नीति और आरटीई के मानकों के तहत मध्य विद्यालय में प्रधानाध्यापक का होना अनिवार्य है।

**विरोध का कारण :** व्यक्तिगत अपेक्षित कारणों की पूर्ति नहीं होना। पद की उपलब्धता, रोस्टर और योग्यता के आधार पर कुछ शिक्षक को प्रोन्नति नहीं मिल सकेगी। **राजनीतिक हित साधना :** तथाकथित शिक्षक नेता मोर्चा बनाकर प्रोन्नति के नाम पर वसूली के धंधे में लिप्त हैं और प्रोन्नति होने से उनकी दुकान बंद होने का डर है। शिक्षक अलग अलग तरीके से अपनी सुविधानुसार नियम की व्याख्या चाहते हैं, जबकि मौजूदा विभागीय निर्देशानुसार और नियमावली के अनुसार कार्य होना चाहिए।

### क्या कहते हैं शिक्षक नेता

शिक्षक नेता सुमेश मिश्रा से फोन नंबर 9471710219 पर बात हुई तो उन्होंने बताया कि पैसे किस काम के लिये जा रहे हैं, इसकी जांच होनी चाहिये। चंदा के रूप में पैसा लिया जा रहा है या मदद के रूप के रूप में। यह आप कैसे तय कर सकते हैं। बीच में एक महिला ने खबर छापने पर मानहानि का दावा करने की भी धमकी दे रही थीं।

## अजीम प्रेमजी विवि और स्कूल के भवन निर्माण को लेकर बैठक
# कमिश्नर ने आरोग्यशाला के कर्मियों से भवन खाली कराने का अधिकारियों को दिया निर्देश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडलीय आयुक्त मनोज कुमार जायसवाल की अध्यक्षता में सोमवार को अजीम प्रेमजी फाउंडेशन की स्थापना के लिए हस्तांतरित 150 एकड़ भूमि में भवन निर्माण से संबंधित समस्याओं के निराकरण को लेकर बैठक हुई। इटकी आरोग्यशाला की भूमि पर अवस्थित भवन में रह रही आरोग्यशाला के कर्मियों को भवन खाली कराने के संबंध में आयुक्त द्वारा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये।



अधिकारियों ने भवन खाली कराने में आ रही समस्याओं से अवगत कराया। ईटकी आरोग्यशाला के कर्मियों के रहने की व्यवस्था और उनके कार्यालय तक आने जाने के लिए बस की सुविधा देने के सुझाव पर विचार किया गया। इटकी सेनेटोरियम की भूमि पर विभिन्न ब्लॉक में स्थित जर्जर भवनों, नर्सेस हॉस्टल और अन्य संरचनाओं को ध्वस्त करने पर विचार हुआ। साथ ही आगे की कार्रवाई करने और जल्द से जल्द नीलामी की प्रक्रिया पूर्ण का निर्देश दिया गया।

बैठक में आयुक्त के सचिव जुल्फिकार अली, अपर समाहर्ता रांची राजेश कुमार बरवार, स्टेट हेड अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के अलावा अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

# बीआइटी लालपुर सेंटर में शुरू हुआ खेल महोत्सव

**चार दिनों तक खेल महोत्सव से कैंपस रहेगा गुलजार**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** बीआइटी लालपुर में सोमवार को चार दिवसीय खेल महोत्सव का आगाज हुआ। स्पोर्ट्स क्लब बीआईटी लालपुर की ओर से आयोजित इस महोत्सव का शुभारंभ सेंटर की निदेशक डॉ वंदना भट्टाचार्य ने फीता काटकर किया। महोत्सव की शुरूआत बालक और बालिकाओं के बीच टग ऑफ वार (रस्साकस्सी) महामुकाबला से हुई। आज के मुकाबले में टग टैक्टिकन्स, यूरेका, रोप वारियर्स, टग स्टार ने अपने अपने मुकाबले जीत कर अंतिम चार में अपना स्थान सुनिश्चित किया। आज के मुकाबले में खेल प्रभारी डॉ संदीप नाथ शाहदेव, डॉ अमृता प्रियम, डॉ संजय कुमार, डॉ आशुतोष मिश्रा, डॉ अभय रंजन श्रीवास्तव, जलेश्वर भगत, शांतनु सिन्हा तथा मनोज कुमार उपस्थित होकर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। आयोजन में स्पोर्ट्स क्लब बीआईटी लालपुर के अध्यक्ष निखिल आनंद, अपूर्वा झा, दीपक जेना, अदिति सहाय, तुषार कुमार, आदित्य कुमार, सुमित सिन्हा, हृतिका एवं आस्था मिश्रा की टीम ने सहयोग किया।

## पुलिस ने अपहृत डेढ़ वर्षीय रूद्र राज को किया बरामद
# धोनी से पैसा-घर दिलाने के नाम पर बच्चा चोरी करने के मामले में दो महिला समेत पांच अरेस्ट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची पुलिस ने 21 अक्टूबर को अरगोड़ा थाना एरिया के हरमू से अपहृत डेढ़ वर्षीय रूद्र राज को बरामद कर लिया।

इस मामले में पुलिस ने दो महिला समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उक्त लोगों के पास से पुलिस ने अपहरण में प्रयुक्त बाइक को बरामद किया है।

दरअसल, रामगढ़ के कृष्णा मिश्रा उर्फ पंडितजी को चान्हों के साजिद अंसारी उर्फ बबलू ने बताया कि इसके लिए उसने सुखदेवनगर एरिया के विनय वर्मा और मूल रूप



से सिमडेगा की रहनेवाली सलूजा बेगम ने बच्चा चुराने का प्लान बनाया। बताया गया कि पूर्व में पीड़िता महिला को बच्चा देने के लिए तैयार थी। इसके लिए 50 हजार रूपए का डिमांड किया गया था। लेकिन, वह पैसे पहले मांग रहे थे। बाद में इनलोगों ने मधु देवी को कहा कि धोनी गरीबों को पैसा और मकान दे रहे हैं। लालच में महिला उसके साथ हरमू आ गयी। हरमू में धोखे से इनलोगों ने रूद्र प्रताप को ले लिया और फरार हो गये।

बच्चा लेने के बाद ये लोग बच्चे को लेकर कृष्ण मिश्रा के पास ले गये। बताया गया कि बच्चा चुराने के बाद सवा साल के बच्चे को रामगढ़ टीम को सौंप दिया गया था। फिर रामगढ़ की टीम सवा माह के बच्चे को चतरा जिला के ईटखोरी थाना क्षेत्र में एक महिला गीता को सवा लाख में बेच दिया। फिर, उससे मिले पैसे गिरोह के पास बांटा गया था। इधर, साजिद अंसारी उर्फ बबलू पर मानव तस्करी में जेल जाने का आरोप है।

## झारखंड महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी रांची 2023
## विजेता भारतीय टीम के हर खिलाड़ी को 3-3 लाख और सपोर्ट स्टाफ को 1.5 लाख की पुरस्कार राशि




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने रविवार को पूरे टूर्नामेंट में अजेय रहते हुए महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी रांची-2023 का फाइनल मुकाबला जीतकर दूसरी बार इस प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया। स्वर्ण पदक जीतने के बाद भारतीय टीम के प्रत्येक खिलाड़ियों को तीन-तीन लाख रुपये और प्रत्येक सपोर्ट स्टाफ को 1.5 लाख रुपये की पुरस्कार राशि मिलेगी। हॉकी इंडिया ने सोशल मीडिया एक्ट पर ट्विट कर यह जानकारी दी है।

ज्ञात हो कि राउंड रॉबिन लीग चरण के आधार पर खेले गए इस टूर्नामेंट में कुल छह टीमें भाग ली थीं। भारत ने इससे पहले साल 2016 में यह खिताब अपने नाम किया था। भारतीय टीम 2013 और 2018 में रजत पदक जीत चुकी है।

# अगले साल फिर मिलेंगे वादे के साथ दिवाली मेला संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** अगले साल फिर मिलेंगे के वादे के साथ मोरहाबादी के आर्मी मैदान में जोसोवा की ओर से आयोजित दिवाली मेला का समापन सोमवार को हुआ। पांच दिवसीय मेले में राज्य समेत देश भर के 300 स्टॉल लगे थे। मेले में महिलाओं ने जमकर खरीदारी की। सुबह से लेकर देर रात तक दीपावली की खरीदारी के लिए जनता उमड़ी। शहरवासियों ने खरीदारी के साथ ही फूड स्टॉल्स, झूला आदि का आनंद लिया। यहां नॉर्थ इंडियन से लेकर चाइनीज फूड आइटम्स तक ढेर सारी वैराएटी मिल सकती हैं। वर्किंग डे होने के बावजूद सुबह से मेले में खरीदारों का पहुंचना शुरू हो गया था। समापन के मौके पर सभी स्टॉल धारकों को सहभागिता प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।



### स्टॉल धारकों में दिखी मिलीजुली प्रतिक्रिया

पांच दिवसीय मेला के अंतिम दिन कुछ स्टॉल धारकों में खुशी तो कुछ में निराशा देखी गयी। स्टॉल धारक सदाम जो भदोही से आए हैं, इन्होंने बताया कि पांच दिवसीय मेला में कुछ खास कमाई नहीं हुई। वहीं मेला का समय भी ऐसा था कि अधिकांश कामकाजी लोग शाम में ही काम निबटा कर आते थे, जबकि मेला आठ बजे खत्म हो जाता था, ऐसे में लोगों को खरीदारी का समय नहीं मिला, जिससे कुछ खास कारोबार नहीं हो सका। वहीं एक अन्य स्टॉल धारक सुमति ने बताया कि अंतिम दो दिन उनकी काफी अच्छी कमाई हुई।

## मेंले में झारखंड प्रदूषण नियंत्रण पर्षद ने चलाया ई-वेस्ट जागरूकता अभियान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रदूषण नियंत्रण पर्षद की ओर से मोरहाबादी स्थित आर्मी ग्राउंड में आयोजित जेसोवा मेले में ई-वेस्ट(इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट) को लेकर जनजागरूता अभियान चलाया गया। यह अभियान 2 से 6 नवंबर तक चला। मेले में ई-वेस्ट (इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट) से संबंधित स्टॉल भी लगाये गये थे। जहां लोगों को रेडियो व पंपलेट के जरिये अपने घरों का ई-वेस्ट जमा कराने का आग्रह किया गया। काफी संख्या में लोगों ने अपने घरों से ई-वेस्ट लाकर मेले में जमा कराया।



मौके पर पर्षद के सदस्य सचिव वाईके दास ने भी लोगों को संबोधित किया।

मेले में पर्षद की ओर से पांच दिनों तक विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। इनमें आरजे अंकित के सहयोग से क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वहीं, एनएसएस के माध्यम से नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। जिसमें सदस्यों ने ई-वेस्ट प्रबंधन को संदेश दिया। प्रतियोगिता का हिस्सा बनने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सुचारू रूप से संचालन करने में सोनम झा की भूमिका सराहनीय रही।

## दक्षिण पूर्व रेलवे के उप महाप्रबंधक ने सांसद संजय सेठ को दी जानकारी
# अमृत भारत स्टेशन के तहत पिस्का स्टेशन का चयन चुटिया ओवरब्रिज का निर्माण राज्य सरकार के पाले में

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** पिस्का रेलवे स्टेशन का चयन अमृत स्टेशन योजना के तहत किया गया है। यहां 12 मीटर चौड़ा फुट ओवर ब्रिज, अच्छी छत के साथ लिफ्ट और अन्य कई अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करायी जायेंगी। इस आशय की जानकारी दक्षिण पूर्व रेलवे के उप महाप्रबंधक पंकज कुमार गुप्ता ने सांसद संजय सेठ को दी है। पंकज गुप्ता ने रांची और चक्रधरपुर रेल मंडल की मंडल स्तरीय बैठक में सांसदों के द्वारा उठाये गये बिंदुओं को लेकर सभी सांसदों को जवाब लिखा है। इसके आलोक में संजय सेठ द्वारा उठाये गये बिंदुओं का जवाब भी दिया गया है।

सांसद को दिये जवाब में उप महाप्रबंधक ने बताया कि रांची



रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास का कार्य काफी तेज गति से चल रहा है। मई 2025 तक इस कार्य के पूर्ण होने की पूरी संभावना है। भागलपुर पुन्दाग क्षेत्र में बननेवाले अंडरपास को लेकर बताया गया है कि 2024-25 को लेकर जो कार्य योजना तैयार की जाने वाली है, उसमें रेलवे बोर्ड के समक्ष इसे स्वीकृति के लिए भेजने की तैयारी हो गई है। बहुत जल्द इसके सकारात्मक परिणाम दिखेंगे।




चुटिया में बनने वाले फ्लाई ओवर को लेकर संसद को यह बताया गया है कि यह फ्लाई ओवर केंद्र और राज्य के 50-50 के अनुपात में बनाया जाना है। राज्य सरकार के द्वारा इस मुद्दे पर एक संयुक्त बैठक जनवरी 2023 में हुई है। इसे राज्य सरकार को ही पूर्ण करना है। यह मामला पूरी तरह से राज्य सरकार के पाले में है। वहीं बालालोंग, पिस्का, सिंहपुर रेल लाइन को लेकर जमीन अधिग्रहण का कार्य प्रक्रियाधीन है। यह एक महत्वपूर्ण लाइन होगी, जिससे रांची के रेलवे के विकास को एक गति मिलेगी। सिल्ली इलू बाईपास लाइन के संदर्भ में सांसद को यह बताया गया कि इसका फाइनल सर्वे पूर्ण किया जा चुका है। डीपीआर की तैयारी भी की जा रही है। डीपीआर जनवरी 2023 को पूर्ण कर लिया गया है और रेलवे बोर्ड के समक्ष इसे जमा भी कर दिया गया है।

मुरी-कंदरा लाइन को लेकर बताया गया है कि इस लाइन का दोहरीकरण पूर्व से ही किया जा चुका है। धनबाद एलेप्पी एक्सप्रेस में पहले की तुलना में रांची से सीटों का कोटा बढ़ाया गया है। थर्ड एसी में 23 सीट बढ़ाई गई हैं जबकि स्लीपर क्लास में 16 सीटों का कोटा बढ़ाया गया है। इसके अलावा इस बैठक में कुल 14 बिंदु उठाए गए थे, जिसका बिंदुवार जवाब भी दिया गया है। सांसद ने बताया कि नवंबर महीने के अंतिम सप्ताह में एक बार फिर से मंडल स्तरीय सांसदों की बैठक होनी है। इस बैठक में वे रांची चक्रधरपुर रेल मंडल सहित रेल क्षेत्र के विकास और रेल यात्री सुविधाओं के विस्तार को लेकर प्रमुखता से अपने सुझाव रखेंगे। बहुत जल्द रांची लोकसभा क्षेत्र को और भी कई सौगात मिलेगी।

## ओबीसी, इडब्ल्यूएस, छात्र-छात्राओं के साथ सौतेला व्यवहार बंद करने का आग्रह
# यूजीसी की नयी नियमावली के अनुसार पीएचडी एंट्रेंस का नोटिफिकेशन जारी करे विवि : आजसू



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) का प्रतिनिधिमंडल सोमवार को रांची विवि के कुलपति अजीत कुमार सिन्हा से मिलकर उन्हें 6 सूत्री मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र के माध्यम से रांची विवि अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला समेत अन्य छात्रों ने विवि के वीसी को विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। श्री शुक्ला ने वीसी मांग पत्र सौंपते हुए कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा जो पीएचडी एंट्रेंस नियमावली जारी किया गया है। उसमें ईडब्ल्यूएस और ओबीसी को जनरल कैटेगरी में रखा गया है, जबकि यूजीसी द्वारा 2022 में नई गाइडलाइंस के अनुसार ईडब्ल्यूएस और ओबीसी को 5% को लाभ दिए जाने का प्रावधान है। विश्वविद्यालय द्वारा इसकी अनदेखी की गई है। विश्वविद्यालय यूजीसी नियमावली 2022 के तहत नोटिफिकेशन जारी करे। विश्वविद्यालय के सभी महाविद्यालय एवं पीजी विभाग में भारी संख्या में शिक्षकों की कमी है। इस कारण छात्र-छात्राओं को आए दिन काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उनकी पढ़ाई पर इसका दुष्प्रभाव पड़ता है। नई शिक्षा नीति के तहत विश्वविद्यालय के किसी भी महाविद्यालय में पुस्तकें उपलब्ध नहीं है। मौके पर वीसी ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त किया कि उनकी सभी मांगों को जल्द पूरा किया जाएगा। अभिषेक शुक्ला ने कहा कि अगर छात्र आजसू की मांगें पूरी नहीं की गयी तो अखिल झारखंड छात्र संघ छात्र हित में आंदोलन करेगी। प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से छात्र आजसू के ओम वर्मा, चेतन प्रकाश, राहुल तिवारी, रांची विश्वविद्यालय के वरीय उपाध्यक्ष दीपक दुबे, बिपिन यादव, बीयेश महतो, अमित तिर्की, अकाश नयन, पीजी विभाग से मजीत साहू, प्रियांशु शर्मा, मदन महतो, रोशन नायक, विशाल कुमार यादव, विशाल गुप्ता, साहिल कुमार के अलावा कई सदस्य मौजूद थे।

## आज का राशिफल
### 07-11-2023

**मास** : कार्तिक, **पक्ष** : कृष्ण, **तिथि** : दशमी अहोरात्र। **नक्षत्र** : मघा 16:24 बजे समाप्त। **योग** : ब्रह्म 15:20 बजे समाप्त। **करण** : वणिज 19:09 बजे समाप्त। चंद्रायु 23.3 घंटे।

**मेष** : पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहे। कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। पुराने मित्र मिलेंगे। शुभांक-4-6-7

**वृष** : अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यों में बाधा आएगी। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। शुभांक-3-5-7

**मिथुन** : आर्थिक उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। रोजगार में तरक्की मिलेगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। शत्रुओं की पराजय होगी। आर्थिक चिंताएं भी कम होगी। शुभांक-2-4-6

**कर्क** : उच्च मनोबल रखकर कार्य करें, सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश से लाभ। शुभांक-1-3-5

**सिंह** : यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। शुभांक-4-6-8

**कन्या** : घर-परिवार में प्रसन्नता व सहयोग का वातावरण बनेगा। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा। शुभांक-5-7-8

**तुला** : संतान की प्रगति से संतोष होगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ में समय व्यतीत होगा। श्रम अधिक करना पड़ सकता हैं। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते हैं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कलह विवाद का डर बना रहेगा। पारिवारिक तनाव, अलगाव का सामना हो सकता है। शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक** : अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेगें। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। शुभांक-3-5-7

**धनु** : कार्यक्षेत्र में विवाद बढ़ेंगे। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी। किसी का अभद्र व्यवहार खिन्नता व तनाव बढ़ायेगा। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। शुभांक-1-4-8

**मकर** : आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। आय के अच्छे योग बनेंगे। शुभांक-3-5-7

**कुंभ** : बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। शुभांक-1-4-6

**मीन** : व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी। आवेश में आना आपके हित में नही होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियंत्रण रखें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। शुभांक-2-4-6

# रातू के परहेपाट में युवक पर जानलेवा हमला
## नकदी, मोटरसाइकिल और सोने की चेन की लूट, पुलिस ने बरामद की बाइक

### पत्रकार के पुत्र हैं तनवीर हसन, तीन के खिलाफ केस पुलिस कर रही जांच

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रातू थाना क्षेत्र के परहेपाट में सोमवार को दिन के 11 बजे पत्रकार शेख मुजिबुल के पुत्र तनवीर हसन उर्फ मंटू को ओवरटेक कर तीन अपराधियों ने जान लेवा हमला कर दिया। पिस्टल का भय दिखाकर बाइक जेएच 01 डीडी 7712 समेत गले से सोने का चेन व पॉकेट से 50 हजार नकद भी लूट लिये। पुलिस ने आरोपियों के घर से मोटरसाइकिल को बरामद कर लिया।

हमले में तनवीर हसन के गला, सीना व शरीर के कई हिस्से में अंदरूनी चोटें आयी हैं। उनका उपचार सीएचसी करया गया, जहां इलाज के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गयी। मामले को लेकर रातू थाने में परहेपाट के चांद अंसारी, महफुज



अंसारी व जाबिर अंसारी के खिलाफ कांड संख्या 427/23 दर्ज करायी गयी है।

**घटना की तीव्र निंदा :** घटना को लेकर विभिन्न वर्ग, पत्रकार समेत सामाजिक संगठन व राजनीतिक दल के नेता और कार्यकर्ताओं ने अपराधियों के बेलगाम होने पर चिंता जतायी है। उन्होंने लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के पुत्र पर हुये जान लेवा हमले और लूटपाट की तीव्र निंदा की है।

### जानें कैसे घटी घटना

**भुक्तभोगी** की बहन मुरचू स्थित डीएवी मौर्या पब्लिक स्कूल में शिक्षिका हैं। फीस की जमा राशि घर पर ही छोड़ दी थीं। उसने तनवीर को फोन कर रुपये पहुंचा देने की बात कही। इसके बाद वह 50 हजार लेकर बाइक से स्कूल जा रहा था। जैसे ही परहेपाट के समीप पहुंचा, स्कूटी से ओवरटेक कर चांद अंसारी ने उसे रोका और कनपट्टी में पिस्टल तान दी। इस बीच जाबिर और महफुज अंसारी भी वहां आ धमके। तीनों ने उसके साथ मारपीट की। बाइक, नकद और चेन लूट फरार हो गये।

# दिल्ली पब्लिक स्कूल में लगा यूनिवर्सिटी फेयर




खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** डीपीएस के विद्यार्थियों को प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों की जानकारियों से अवगत कराने और उन्हें भविष्य के विभिन्न करियर विकल्पों को समझने में मार्गदर्शन देने के उद्देश्य से दिल्ली पब्लिक स्कूल ने सोमवार को यूनिवर्सिटी फेयर का आयोजन किया गया, जिसमें देश भर के प्रमुख यूनिवर्सिटी के करियर कॉउंसलर एक मंच पर आए। इसने छात्रों को कई शैक्षिक अवसरों का पता लगाने और प्रमुख विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत करने के लिए एक अनूठा मंच प्रदान किया।

इस यूनिवर्सिटी फेयर में ग्यारहवीं और बारहवीं कक्षा के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह फेयर विद्यालय के विवेकानंद सभागार में आयोजित किया गया।

इस फेयर में कई विश्वविद्यालय, आरएम यूनिवर्सिटी (आंध्र प्रदेश), वर्ल्ड यूनिवर्सिटी ऑफ डिजाइन (हरियाणा), आरवी यूनिवर्सिटी (बैंगलोर), ग्राफिक एरा यूनिवर्सिटी (देहरादून), बेनेट यूनिवर्सिटी (नोएडा), सिक्किम मणिपाल यूनिवर्सिटी (सिक्किम), केआर मंगलम यूनिवर्सिटी (गुड़गांव), वॉक्सन यूनिवर्सिटी (हैदराबाद), एमिटी यूनिवर्सिटी (झारखंड), पिंपरी चिंचवड़ यूनिवर्सिटी (महाराष्ट्र), एमआईटी यूनिवर्सिटी (पुणे), मानव रचना यूनिवर्सिटी (हरियाणा), चाण्क्य यूनिवर्सिटी (बैंगलोर), यूपीईएस (देहरादून), पर्ल एकेडमी (दिल्ली/एनसीआर), दून बिजनेस स्कूल (देहरादून), कलिंगा यूनिवर्सिटी (छत्तीसगढ़), मारवाड़ी यूनिवर्सिटी (गुजरात), आईआईएलएम यूनिवर्सिटी (नोएडा), सिम्बायोसिस (पुणे), केके मोदी यूनिवर्सिटी (छत्तीसगढ़), प्रेसीडेंसी विश्वविद्यालय (बैंगलोर), दयानंद सागर विश्वविद्यालय (बैंगलोर), एलआईएचएम (पुणे) और जीएनआईओटी (ग्रेटर नोएडा) विश्वविद्यालय शामिल थे। इस फेयर के दौरान विद्यार्थियों को ढेर सारे पाठ्यक्रम और कैरियर विकल्पों से रूबरू कराया गया।

इस अवसर पर, प्राचार्य डॉ. राम सिंह ने कहा, 'छात्रों के लिए अपने करियर के संदर्भ में सही विकल्प चुनना हमेशा चुनौतीपूर्ण होता है और इस तरह के फेयर और कार्यक्रमों का आयोजन छात्रों को सही कैरियर चुनने में मार्गदर्शन देता है । इस तरह के आयोजन छात्रों को सूचित निर्णय लेने में योगदान देते हैं और उज्जवल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करते हैं।यूनिवर्सिटी फेयर ने निस्संदेह भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों के लिए ज्ञान, अवसर और आकांक्षा के प्रतीक के रूप में कार्य किया।

### दो दिवसीय होगा चेटे पंचायत का ऐतिहासिक 22 पड़हा जतरा : कच्छप

**रांची।** कुम्बाटोली में 30 नवम्बर को लगनेवाला ऐतिहासिक 22 पड़हा शक्ति खुटा सांगा पड़हा जतरा महोत्सव की विशेष तैयारी को लेकर सोमवार को समिति के मुख्य संरक्षक सह आदिवासी सेना-केन्द्रीय अध्यक्ष-अजय कच्छप के नेतृत्व में बैठक किया गया। बैठक में उपस्थित ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से जतरा आयोजन समिति का गठन किया, जिसमें अध्यक्ष-बहादुर मुण्डा, उपाध्यक्ष-जगरनाथ लोहरा, महासचिव-महादेव उराँव, सचिव-एस.एन.लिण्डा को चुना गया। इस वर्ष से ऐतिहासिक 22 पडहा जतरा दो दिवसीय लगाया जायेगा। जिमसें पहला दिन शक्ति खुटा(पूजा स्थल)उद्घाटन किया जाएगा एवं बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम 29 नवम्बर को शाम में किया जाएगा एवं दुसरे दिन पारम्परिक रीति से स्वागत किया जाएगा और सभी खोड़हा दल अपना-अपना कला-सांस्कृतिक, नाच-गान,गीत गोविंद, पारम्पारिक विधिवत प्रस्तुत करेंगे एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करनेवाले खोडहा दल को उत्कृष्ट पुरस्कार भी दिया जाएगा।

# एसबीआइ का हाउसिंग और कार लोन मेला आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** भारतीय स्टेट बैंक द्वारा दिनांक 5 और 6 नवंबर 2023 (रविवार और सोमवार) को मिलन पैलेस, गोस्सनर कॉलेज के सामने, क्लब रोड रांची के प्रांगण में हाउसिंग और कार लोन मेला का आयोजन किया गया। दो दिनों तक आयोजित इस लोन मेले में एसबीआइ द्वारा अप्रूव किये हुए 23 बिल्डर और 12 कार डीलर अपने नवीनतम उत्पादों के साथ उपलब्ध रहे। मेले में एसबीआइ द्वारा त्वरित लोन स्वीकृति, निःशुल्क प्रॉसेसिंग फी और न्यूनतम ब्याज दर आदि की सुविधा उपलब्ध करायी गयी। इस मेले का उद्घाटन झारखंड सरकार, झारखंड रियल स्टेट रेगुलटरी अथॉरिटी (झरेरा) के अध्यक्ष आरके चौधरी, क्रेडई प्रेसिडेंट कुमुद झा, क्रेडई सेक्रेटरी एकांश बच्चन ने किया।

इस अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआइ) के महाप्रबंधक, प्रभास बोस, नेटवर्क-झारखंड, पटना मंडल, रांची अंचल के उप महाप्रबंधक देवेश



मित्तल एवं क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय के क्षेत्रीय प्रबंधक आलोक रंजन उपस्थित थे। इस मेले में बिल्डर और कार डीलरों द्वारा ग्राहकों को विशेष रियायत उपलब्ध करायी जा रही है। मेले में ग्राहक बड़ी संख्या में उपस्थित थे और ग्राहकों में अपना घर और नयी कार का सपना सच करने का काफी उत्साह नजर आया।

ग्राहकों ने बातचीत में बताया कि एसबीआइ द्वारा इस तरह के मेले के आयोजन से उन्हें काफी लाभ हुआ और एक जगह ही उन्हें कई बिल्डिंग प्रोजेक्ट तथा कार देखने का मौका मिला। इस मेले में एसबीआई द्वारा 30 से अधिक ग्राहकों को त्वरित लोन स्वीकृति करीब 15 करोड़ का लाभ मिला। इन दो दिनों में 100 ग्राहकों ने बैंक के कार लोन, होम लोन (करीब 30 करोड़ रुपये) में अपनी दिलचस्पी दिखायी। एसबीआइ के उप महा प्रबंधक देवेश मित्तल ने कहा कि उनका लक्ष्य ग्राहकों को न्यूनतम दरों पर त्वरित ऋण और अन्य वित्तीय सुविधाएं उपलब्ध करना है। उन्होंने बताया कि ज्यादा से ज्यादा ग्राहकों ने इस मेले का लाभ उठाया। क्षेत्रीय प्रबंधक ने बताया- हमारा बैंक इस तरह का आयोजन नियमित रूप से करता रहेग। रांची में स्थित प्रशासनिक कार्यालय एवं क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय ग्राहकों के प्रति उत्कृष्ट सेवा के लिए वचनवद्ध है।

### बीएयू में फसल सुधार पर राष्ट्रीय सेमिनार 8-9 नवंबर को

**रांची।** भारतीय आनुवंशिकी एवं पौधा प्रजनन सोसाइटी की रांची शाखा ने आगामी 8-9 नवंबर को बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में फसल सुधार के लिये चुनौतियां, अवसर और रणनीतियां विषय पर एक राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया है। आयोजन सचिव डॉ मणिगोपा चक्रवर्ती ने बताया कि आयोजन हाइब्रिड मोड एवं ऑनलाइन में किया जा रहा है। इसमें देश के विभिन्न भागों से आनुवंशिकी, पौधा प्रजनन, पादप जैव प्रौद्योगिकी, फसल दैहिकी, बीज प्रौद्योगिकी, बागवानी एवं सब्जी विज्ञान से जुड़े लगभग 150 अग्रणी वैज्ञानिक भाग लेंगे। इसमें सोसाइटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ संजय कुमार तथा सचिव डॉ एसके सिंह शामिल हैं। सेमिनार में मृदा अपर्दन, मौसम परिवर्तन, बारिश की मात्रा और वितरण में भारी अंतर, बढ़ता तापक्रम, सुखाड़, बाढ़ और खड़ी फसलों का डुबाव, विकास कार्यों के कारण कृषि के लिए भूमि की घटती उपलब्धता आदि को देखते हुए प्री ब्रीडिंग आदि विषयों पर चर्चा होगी।

# डॉ सिन्हा बने बीजेपीएसए के अध्यक्ष और डॉ विवेक कार्यकारी सदस्य




खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** बिहार-झारखंड प्लास्टिक सर्जरी संगठन झारखंड का वार्षिक सम्मेलन बजापसीकॉन -2023 नेपाल में 4 से 5 नवंबर को हुआ। इसमें देश के 100 से अधिक प्लास्टिक सर्जन ने भाग लिया। झारखंड के प्रख्यात प्लास्टिक सर्जन डॉ वीएसपी सिन्हा को सर्वसम्मति से बीजेपीएसए का अध्यक्ष चुना गया। पूर्व अध्यक्ष डॉ जीसी झा ने उन्हें सम्मानित किया। झारखंड के युवा प्लास्टिक एवं माइक्रोवैस्कुलर सर्जन डॉक्टर विवेक गोस्वामी को कार्यकारी सदस्य चुना गया। सम्मेलन में एम्स पटना के प्लास्टिक सर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ वीणा सिंह ने वार्षिक रिपोर्ट पेश की। आयोजन सचिव डॉ प्रणव कुमार, संयुक्त सचिव डॉ विवेक गोस्वामी डॉ राजेश कुमार एवं डॉ गौरव परोदिया ने प्लास्टिक एवं माइक्रोवैस्कुलर सर्जरी को जन-जन तक पहुंचाने की बात कही। देश के वरिष्ठ प्लास्टिक सर्जन डॉ राजेंद्र नेहेते (नासिक), डॉ अन्जना, डॉ सुबोध सिंह (कोलकाता), डॉ रितेश पण्डा (एम्स बीबीएसआर), डॉ मिश्रा एससीबी (कटक) ने भाग लिया। बिहार एवं झारखंड के प्रख्यात प्लास्टिक सर्जन डॉ वीवी सिन्हा, डॉ पीके वर्मा, डॉ बीके शर्मा, डॉ अशोक कुमार सिंह, डॉ आर भारत सहित 50 प्लास्टिक सर्जन ने भाग लिया। झारखंड के प्रसिद्ध प्लास्टिक सर्जन डॉ आर भरत को समाज में उनके अद्वितीय योगदान के लिए लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

### दिसंबर में क्रिसमस कार्निवाल का आयोजन

**रांची।** झारखंड क्रिश्चियन यूथ एसोसिएशन दिसंबर में क्रिसमस कार्निवाल का आयोजन करेंगा। सोमवार को इसे लेकर बैठक किया गया। एसोसिएशन के केंद्रीय अध्यक्ष कुलदीप तिर्की ने कहा कि क्रिसमस का त्योहार हमारा मुख्य त्योहार है और कार्निवाल के माध्यम से हम लोगों को विशेषकर शहरवासियों को प्रभु का प्रेम, एकता, भाईचारा का संदेश और खुशियाँ बाटने का प्रयास करते हैं। कार्यकारी अध्यक्ष अल्बिन लकड़ा ने कहा कि इस बार कार्निवाल का मुख्य आकर्षण लाइव चरनी और लाइव म्यूजिकल ग्रुप द्वारा गीतों की प्रस्तुति होगी। मुख्य संरक्षक सुजीत कुजूर ने बताया कि इस कार्निवाल में सभी चर्च के विश्वासीगण शामिल रहेंगे।

# सरला बिरला पब्लिक स्कूल में विजिलेंस अवेयरनेस सप्ताह

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची परिसर में छात्रों और शिक्षकों द्वारा विजिलेंस अवेयरनेस सप्ताह मनाया गया। विद्यालय में विद्यार्थियों को भ्रष्टाचार के दुष्परिणामों से अवगत कराने के लिए अनेक गतिविधियां आयोजित की गयीं। भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद आदि मुद्दों पर प्रकाश डालते हुए छात्रों ने सीवीसी वेबसाइट पर ई-शपथ ली। उन्होंने जीवन के सभी क्षेत्रों में ईमानदार रहने और सभी प्रकार की गलत प्रथाओं और दोहरेपन की निंदा करने की भी शपथ ली।

स्कूल परिसर में आओ भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ें विषय पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में




छात्रों ने भी जोश और उत्साह के साथ भाग लिया। अन्य गतिविधियों में कार्टून बनाना, निबंध लेखन, नारा और कहानी लेखन तथा पेंटिंग शामिल थे। सभी के बीच यह सवाल उठाया गया कि भारत को भ्रष्टाचार, अपराध और बेईमानी के खतरों से कैसे बचाया जा सकता है।

विद्यालय के कार्मिक व प्रशासनिक प्रमुख डॉ प्रदीप वर्मा ने इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने में स्कूल के प्रयासों की सराहना की। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने छात्रों को सतर्क रहने की आवश्यकता के संबंध में याद दिलाया और उन्हें समाज में सामूहिक परिवर्तन सुनिश्चित करने के लिए अपने साथियों के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए भी प्रोत्साहित किया।

# छठ पूजा सेवा समिति किशोर गंज की बैठक संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** आगामी छठ पूजा को लेकर छठ पूजा सेवा समिति किशोर गंज के सदस्यों की बैठक हुई। बैठक में छठवर्तियों को लेकर विधि व्यवस्था को बनाये रखने और शांति पूर्वक कार्यक्रम को सफल बनाने पर बात हुई।

संस्था द्वारा पिछले 8 वर्षो से ये कार्यक्रम किशोर गंज में किया जाता है और हर साल की तरह इस साल भी किशोर गंज में सेवा शिविर लगाने का निर्णय लिया गया। शिविर के माध्यम से इस वर्ष भी वर्तियों के बीच फल, दूध, धूप, अगरबत्ती, इत्यादि वितरण करने का निर्णय लिया गया।

इस कार्य को सफल बनाने में संस्था के अध्यक्ष- लाल राजा राम शहदेव, उपाध्यक्ष राहुल कर्मकार, कार्यकारी अध्यक्ष - अनीष सिंहा, सचिव - करण कर्मकार, कोषाध्यक्ष - नितेश वर्मा, महामंत्री- नीरज मिश्रा, व्यवस्थापक- राजेश कुमार गुप्ता, मंत्री राजू चौधरी, सदस्य- सोनू कुमार, मनीष कुमार, विशाल कुमार, बसंत कुमार, सागर बड़ाईक, राहुल कुमार ने अपना योगदान देने की बात कही है।

## खबर एक नजर में

### बच्चों की सही परवरिश उनके सर्वांगीण विकास की गारंटी : एसके मिश्रा

**रांची।** डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल के प्राथमिक कक्षा के विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों लिये विशेष सत्र परवरिश का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य बच्चों में किताबी ज्ञान के साथ साथ चारित्रिक विकास एवं नैतिक मूल्यों के संवर्धन पर विचार विमर्श करना था। सत्र की शुरूआत प्राचार्य एसके मिश्रा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ की। उन्होंने कहा कि परिवार बच्चे की प्रथम पाठशाला होती है। जहां से वह जीवन का पहला सबक सीखता है। लेकिन, आज के दौर में बच्चों को अच्छे संस्कार दे पाना माता–पिता के लिये मुश्किल सा होता जा रहा है। बच्चों को कितना ही समझा लें,वे करते अपने मन की ही हैं।अगर उन्हें बचपन से ही अच्छे संस्कार दिये जायें तो वे आगे चलकर संस्कारवान बनेंगे। बच्चों से बात करके ही उनका विश्वास जीता जा सकता है।ऐसे में वो जो महसूस करते हैं, समझते हैं। उसे वे पैरेंट्स से खुलकर बोल देते हैं। सत्र में चुनिंदा विद्यार्थियों ने अपने माता–पिता के साथ भाग लिया जो संसाधक के रूप में अन्य बच्चों में सद्गुणों का विकास करेंगे। इस सत्र में प्राइमरी शाखा की प्रभारी अनुराधा सिंह, अमृता कुमारी, वर्षा राज, निकिता सिन्हा, नीतू कमल,नजहत, रोहित राज एवं अन्य शिक्षकगण उपस्थित थे।

### हत्यारोपियों ने कोर्ट में दाखिल की जमानत अर्जी

**रांची।** कांके थाना क्षेत्र के कांके प्रखंड के निकट 14 सितंबर को जमीन कारोबारी अवधेश यादव पर जानलेवा हमले के आरोप में जेल में बंद आठ आरोपियों ने जमानत की गुहार लगाते हुए अर्जी दाखिल की है। आरोपियों की ओर से दाखिल जमानत अर्जी पर न्यायायुक्त की अदालत में नौ नवंबर को सुनवाई होगी। जिन आरोपियों ने जमानत अर्जी दाखिल की है उसमें मामले के मुख्य आरोपी चितरंजन कुमार की पत्नी अभिलाषा देवी के साथ हर्ष राज, अमन कुमार, अंकित कुमार, जगदेव प्रसाद वर्मा, सोनू कुमार सिंह, बसंत अब्राहम लुगुन एवं पंकज कुमार गुप्ता का नाम शामिल है। सभी आरोपी बीते सितंबर महीने से जेल में है। इन आठ आरोपियों की जमानत अर्जी सीजेएम कोर्ट ने पिछले महीने खारिज कर चुकी है। इसी मामले के चार आरोपियों तौहीद अंसारीए सरफराज आलमए नवाज अख्तर एवं मिंहाजुद्दीन अली की जमानत अर्जी शुक्रवार को सीजेएम कोर्ट ने खारिज कर दी थी। जानकारी हो कि जानलेवा हमला को लेकर 14 सितंबर को कांके थाना में कांड संख्या 240/23 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### दो महीने के वेतन देने पर सहमति

**रांची।** भाजपा नेता विनय जायसवाल ने सोमवार को भारी उद्योग मंत्रालय, (भारत सरकार) एवं उच्च प्रबंधन से दीपावली एवं छठ जैसे महापर्व को देखते हुए एचइसी के कर्मियों को तीन महीने का वेतन देने का आग्रह किया। परन्तु मंत्रालय एवं प्रबंधन से दो महीने की सहमति हुई। प्रबंधन ने अपनी सहमति देते हुए कहा है, कि दो दिनों के अन्दर दो महीने का वेतन कर्मचारियों अधिकारीयों एवं सप्लाईकर्मियों को भुगतान कर दिया जायेगा। साथ ही एचईसी को सुचारु रूप से चलाने के लिए भी चर्चा हुई है। प्रबंधन एवं मंत्रालय में बातचीत के दौरान यह भी स्वीकार किया है कि पीएफ एवं मेडिकल इंश्योरेंस भी जल्द से जल्द चालू कर दिया जायेगा। साथ ही मंत्रालय से बातचीत के दौरान यह भी निर्णय लिया गया है, कि अगले सप्ताह में एचईसी के बेहतर भविष्य को लेकर उच्च स्तरीय बैठक होगी।

# फेडरेशन ऑफ बैंक ऑफ इंडिया अफसर्स एसोसिएशन ने मनाया स्थापना दिवस



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** फेडरेशन ऑफ बैंक ऑफ इंडिया अफसर्स एसोसिएशन झारखंड राज्य इकाई के रांची स्थित कार्यालय में बड़े धूमधाम से केक काटकर 59वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर फेडरेशन के एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट और झारखंड राज्य इकाई के महासचिव सुनील लकड़ा ने सभी को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारा संगठन अधिकारी के हकों को लेकर हमेशा से मुखर रहा है और आगे भी रहेगा।

कोषाध्यक्ष प्रकाश उरांव ने एकजुट रहने का आह्वान किया। मौके पर उपाध्यक्ष बेंजामिन मुर्मू, उप महासचिव मनीष नारायण, सहायक महासचिव हरीश कुमार सिंह, कार्यकारिणी सदस्य अली हसन, ज्योत्सना बारा और अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### दवा ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ मनायी दिवाली

**रांची।** डॉक्टर्स वाइव्स एसोसिएशन (दवा) ने सांस्कृतिक कार्यक्रम और आतिशबाजी शो के साथ सोमवार को दिवाली मनाई। कार्यक्रम की शुरुआत अध्यक्ष सीमा माहेश्वरी के स्वागत भाषण से हुई। चेयर पर्सन विनीता शरण और को- चेयर पर्सन एवं संस्थापक झूमा सरकार ने प्रकाश पर्व की सभी को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। दीवाली अंधकार पर प्रकाश और अज्ञान पर ज्ञान का पर्व है। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ. स्वाति अडुकिया ने गणेश वंदना प्रस्तुत की और उसके बाद एक सुंदर नृत्य प्रदर्शन किया। एंकर डॉ. मिनाली मिझ्रा ने उत्सव के आयोजकों का परिचय दिया। डॉ. सुषमा सिन्हा ने गीतों के मिश्रण और प्रतिभागियों के उत्साह का नेतृत्व किया।

# श्रीराम मंदिर चुटिया में आया अयोध्या से पूजित अक्षत

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सोमवार को अयोध्याजी श्रीराम मंदिर जन्मभूमि से पूजित अक्षत को रांची लाया गया। रांची आने पर बहु बाजार चौक के पास से रांची महानगर अध्यक्ष कैलाश केसरी के नेतृत्व में गाज-बाजे के साथ एवं पुष्प वर्षा कर श्रीराम मन्दिर चुटिया लाया गया। पूजित अक्षत को लाने के लिये झारखंड प्रतिनिधि के रूप में छोटू वर्मा, तरुण वर्मा, संजीव जी वह एबीवीपी के कार्यकर्ता गौतम महतो ने पूजित अक्षत को लेकर रांची आये। इस अवसर पर प्रांत मंत्री डॉ बिरेन्द्र साहु ने कहा कि अयोध्या जी से लाया गया पूजित अक्षत को झारखंड प्रांत के सभी जिलों में भेजा जायेगा। सनातन परंपरा में पीले अक्षत चावल से ही आमंत्रण किया जाता है। अक्षत कलश को झारखंड की राजधानी रांची स्थित अभी मुख्य मंदिरों में रखा जायेगा एवं पूजन आरती होगा। दिसंबर माह में इस अक्षत को सभी जिला केंद्रों में भेजा जायेगा। 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा के लिए प्रांत के सभी गांव के मुख्य मंदिर में अनुष्ठान किया जायेगा। सभी मंदिरों में उपस्थित जनमानस अपने-अपने स्थान पर ही अयोध्या जी की आरती में सम्मिलित होंगे।

सामाजिक समरसता प्रमुख मिथिलेश्वर मिश्र ने कहा कि ये हमारे लिए सौभाग्य का विषय है कि हमारे जीवन काल में श्रीराम लला का मंदिर बन रहा है। जिस प्रकार से भगवान श्री राम 14 वर्ष के बाद लौटने पर उत्सव मना था। उसी प्रकार इस बार भी झारखंड सहित संपूर्ण देश के मंदिरों में उत्सव मनाया जायेगा।

## स्पीड न्यूज

### जनता दरबार अब बड़कागांव अंचल कार्यालय में लगेगा

**बड़कागांव।** विधायक अंबा प्रसाद का प्रत्येक मंगलवार को हजारीबाग स्थित आवासीय कार्यालय में लगने वाली जनता दरबार के स्थान पर बड़कागांव प्रखंड मुख्यालय स्थित विधायक कार्यालय में जनता दरबार लगेगा। वही केरेडारी प्रखंड मुख्यालय में भी लगने वाला जनता दरबार फिर से शुरू किया जाएगा एवं सभी विभागीय कार्रवाई प्रखंड मुख्यालय से ही सुनिश्चित की जाएगी। विधायक ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के सुदूरवर्ती इलाकों से लोग हजारीबाग, रांची एवं पतरातू नहीं पहुंच पाते थे इसलिए आम जनमानस के सीधे संपर्क में रहने के लिए प्रखंड मुख्यालय से ही विभागीय कार्यो का निष्पादन किया जाएगा।

### संगठन को मजबूत बनाए : अमित

**टाटीझरिया।** प्रखंड क्षेत्र के झरपो पंचायत के कारी झरनाचट्टान धाम में टाटीझरिया प्रखंड के तीन पंचायत खैरा ,झरपो और भराजो पंचायत के कार्यकताओं के साथ बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव ने बैठक किया। संगोष्ठी में बूथ स्तर को मजबूत बनाने को लेकर चर्चा किया गया।विधायक अमित यादव ने कहा की हमारी रीढ कार्यकर्ता है मुझे जब भी याद किया गया। हर सुख दुख में एक साथ रहे और आगे भी रहेंगे। आप सभी कार्यकर्ता की बिना मैं अधूरा हूं, हर पंचायत में कार्यकर्ता एक माह में बैठक करे तब जाकर संगठन को मजबूती मिलेगी। कार्यकर्ता लोगो को जोड़ने का कार्य दिलों से करे जैसे लगे की मेरा कार्यकर्ता मेरा परिवार है। बैठक की अध्यक्षता उमेश प्रसाद ने किया। बैठक में जिला परिषद सदस्य रामप्रसाद उर्फ कंपनी, उपप्रमुख रवि वर्णवाल विधायक प्रतिनिधि प्रबील प्रसाद कुशवाहा, महेश अग्रवाल ,उमेश प्रसाद, रामप्रसाद कुशवाहा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल थे।

### भारतीय मजदूर संघ ने 24 सूत्री मांग पत्र मुख्यमंत्री को सौंपा

**चरही।** भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश मंत्री सत्यनारायण सिंह और हजारीबाग जिला के मंत्री नीरज सिंह ने संयुक्त रूप से श्रमिकों और कर्मचारियों के ज्वलंत समस्याओं को लेकर झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को 24 सूत्री मांग पत्र को सौंपाते हुए लिखा है कि सरकार के विभिन्न बोर्डों/कमिटि/परिषद/आयोग आदि में भामसं को उचित भागीदारी दी जाय। झारखंड राज्य स्तरीय त्रिपक्षीय परामर्श समिति का गठन किया जाए। झारखंड प्रदेश में यूनियनों के निबंधन प्रक्रिया को सरल पारदर्शी एवं समय बद्ध किया जाए। स्वास्थ्य सेवाओं में अग्रणी भूमिका निभाने वाली सहिया और सहिया साथी,बीटीटी,एसटीटी को राज्य कर्मचारी घोषित होने तक समय पर कैडर के समतुल्य वेतन एवं अन्य भुगतान, सामाजिक सुरक्षा, आजीविका वेतन,चिकित्सा एवं अवकाश प्राप्ति पर ग्रेच्युटी, अवकाश मंगाई भता दिया जाय। आंगनबाड़ी कर्मचारी को राज्य कर्मचारी घोषित करे सहित अन्य मांगो का ज्ञापन सौपा है। झारखंड राज्य के कामकाजी पत्रकारों के लिए त्रिपक्षीय कल्याण बोर्ड का गठन किया जाए। झारखंड प्रदेश में कार्यरत मोटिया मजदूरों के लिए कल्याण बोर्ड का गठन किया जाय। सहित 24 सूत्री मांग पत्र सौपते हुए जल्द समाधान की मांग किया गया है।

### नमो फुटबॉल टूनार्मेंट -2023 का सेमीफाइनल मुकाबला हुआ संपन्न

**हजारीबाग।** सदर विधायक मनीष जायसवाल द्वारा सदर प्रखण्ड में आयोजित नमो फुटबॉल टूनार्मेंट– 2023 का दिन रविवार को सेमीफाइनल का मुकाबला संपन्न हुआ। बालक समूह का पहला सेमीफाइनल मुकाबला बिरबीर बनाम गुरहेत के बीच खेला गया। प्लेंटी शुटऑट में बिरबीर की टीम चार गोल एवं गुरहेत की टीम दो गोल का स्कोर किया। पहला सेमीफाइनल में बिरबीर की टीम ने गुरहेत की टीम को पराजित कर जीत हासिल किया। बालक समूह का दुसरा सेमीफाइनल मुकाबला ओरिया बनाम धवैया के बीच खेला गया। ओरिया की टीम धवैया की टीम को एक गोल से पराजित कर जीत हासिल किया। अतत: बालक समूह में ओरिया की टीम एवं बिरबीर की टीम सेमीफाइनल मुकाबला खेलकर फाइनल मुकाबला में पहुंची। वहीं बालिका समूह से गुरहेत की टीम एवं धवैया की टीम फाइनल में पहुंची। मौके पर विशेष रूप से संरक्षक शंभु गोप, गिरजा पासवान, रंजीत यादव, अबोध राम, निरंजन यादव, पूर्व पंचायत समिति सदस्य गौतम कुमार, मनोज कुमार, दिलीप कुमार, टिंकू यादव, टिंकू कुमार एवं कृष्णा कुमार सहित कई गणमान्य लोग शामिल रहे।

### प्रखंड क्षेत्र के ढौठवा से मनार तक कि सड़क में घोर अनियमितता

**कटकमसांडी।** प्रखंड क्षेत्र के ढौठवा पंचायत में ढौठवा से मनार तक ग्रामीण विकास विभाग से सड़क का निर्माण किया जा रहा है। ग्रामीण विकास विभाग द्वारा सड़क का निर्माण चार करोड़ 76 लाख रूपया की राशि से बनाने का है। लेकिन रामप्रसाद कंट्रक्शन के द्वारा सडक निर्माण में इस कदर घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। इसी क्रम में सड़क निर्माण का कार्य किया जा रहा था जिसमे चिप्स,बालू का उपयोग देखकर यह प्रतीत होता है कि बालू के जगह पर स्थानीय नदियों का बालू का 30और मिट्टी का 70मिलाकर बालू का उपयोग किया जा रहा है। स्थानीय संतोष यादव से पुछे जाने पर उन्होंने बताया कि करोड़ों रुपया से सड़क का निर्माण किया जा रहा है लेकिन बालू और छररी का निर्माण में उपयोग किया जा रहा वो गलत है। लेकिन ग्रामीण विकास विभाग के इंजिनियर जो गलत काम रामप्रसाद कंट्रक्शन के द्वारा किया जा रहा उस पर तुरंत कार्यवाही करें अगर कार्यवाही नहीं करता है तो इंजीनियर की मिली भगत से काम किया जा रहा है। पंचायत के मुखिया जय प्रकाश केशरी ने बताया कि राम प्रसाद कंट्रक्शन संवेदक प्रकाश साव के द्वारा सड़क निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग के बारे में बोले जाने पर भड़क उठा। रामप्रसाद कंस्ट्रक्शन के द्वारा सड़क निर्माण में अनियमित बरती जा रही है कंस्ट्रक्शन के संवेदक के ऊपर कार्रवाई होनी चाहिए।

### आरसीडी की टीम ने भुरकुंडा गिद्दी पुल का लिया जायजा, किया निरीक्षण

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** आरसीडी की टीम ने सोमवार को भुरकुंडा गिद्दी पुल का डीजीपीएस यंत्र से जांच किया। इस दौरान टीम के अधिकारियों ने पुल का जायजा लेते हुए निरीक्षण किया। साथ डीजीपीएस यंत्र से पुल की जांच किया गया। बताया गया कि जांच रिपोर्ट विभाग के आला अधिकारियों को देंगे। जिसके बाद पुल निर्माण सें संबंधी आगे की कारवाई होगी। जांच अधिकारियों में इंजीनियर संदीप कुमार सिंह, रंजीत कुमार, अंशु कुमार, अनुप देव आदि शामिल थे।

## पीएम आवास योजना में गड़बड़ी का अजय पासवान ने लगाया आरोप

# आवास में हेरा फेरी की ग्रमीणों ने उपायुक्त से जांच कराने की मांग

## कटकमसांडी प्रखंड में सैंकड़ों से ज्यादा आवास अधूरे, अब मची महकमे में खलबली

खबर मन्त्र संवाददाता

**कटकमसांडी।** प्रखंड में जहां एक तरफ केंद्र और राज्य सरकार हर गरीब के सर पर छत देने का दावा कर रही हैं तो वहीं कटकमसांडी प्रखंड के पंचायत बाझा के अंतर्गत ग्राम उरीदिरी,खेरका, बाझा इन तमाम गांवों में दर्जनों से अधिक ऐसे प्रधानमंत्री आवास हैं जो अधूरे पड़े हैं जबकि तीन माह के भीतर प्रधानमंत्री आवास बनकर तैयार होने का नियम बनाया गया है।

वहीं जब ग्रामीण विकास आयुक्त ने इसकी रिपोर्ट मांगी तो महकमे में खलबली मच गई और आनन-फानन में अधूरे पड़े आवासों को जबरन जियो टेकिंग कर के आवास की लिस्ट तैयार की जाने लगी। बाझा पंचायत समिति सदस्य अजय पासवान पत्रकारों से बात करते हुवे बताया कि पंचायत बाझा के अंतर्गत खेरका, उरीदरी, बाझा इन गांवों में जिनका जिनका आवास आवंटन हुआ था उन लोगो का आवास में बिना काम किए हुवे लाभुको को खाता में पैसा चला गया और आज तक लाभुकों के द्वारा अच्छा से पूर्ण नहीं किया गया लेकिन उकसे उपरांत लाभुको के खाता में पैसा चला गया।



अजय पासवान ने बताया कि ऐसे गांव में अधूरे पड़े आवास अभी भी ऐसा है जो सेकंड लेयर तक काम करने के बाऊजुद भी लगभुको को खाते में पैसा नहीं गया है ।प्रखंड में आवास ऐसे हैं जो अभी भी अधूरे हैं जिनको जल्द ही पूरा करने को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी कई बार मुखिया और पंचायत सेवक के साथ बैठक कर चुकी है।

**अधिकारियों की लापरवाही है वजह :** पिछले पांच सालों के आंकड़ों को देखा जाए तो सैंकड़ों से अधिक ऐसे प्रधानमंत्री आवास योजना वाले घर अधूरे पड़े हैं जिनको समय रहते ही पूरा कर दिया जाना चाहिए था।

विभागीय अधिकारियों की लापरवाही और उदासीनता के चलते ग्रामीण क्षेत्रों के अधूरे पड़े आवास इसके उदाहरण हैं। डिस्ट्रिक्ट रूरल डेवलपमेंट अथॉरिटी और विकास विभाग में प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर जबरदस्त गड़बड़झाला चल रहा है। जैसे ही ग्रामीण विकास आयुक्त ने अधूरे पड़े आवासों की सूची मांगी तब विभाग के अधिकारियों की नींद टूटी और आनन-फानन में सूची जमा करना शुरू कर दिए। अधूरे पड़े आवासों का पूरा ना हो पाना कहीं ना कहीं कमीशन खोरी की भेंट चढ़ जाना माना जा रहा है। अगर जांच कराई जाए तो इसमें कई ऐसे अधिकारी और कर्मचारी मिलेंगे जो इस खेल में संलिप्त पाए जाएंगे।

### भारत में एक शिक्षा एक सिलेबस लागू हो: रामेश्वर

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** शिक्षा अधिकार अधिनियम 2005 के अनुसार ही पूरे भारत में एक शिक्षा एक सिलेबस लागू होना चाहिए। इसके तहत अलग-अलग राज्य में वहां के भाषा के अनुसार पढ़ाई हो लेकिन पूरे भारत में सिलेबस एक लागू हो। उक्त मांग सम्पूर्ण शिक्षा जागरण मंच के सचिव रामेश्वर गोप की है। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति के तहत यह अवश्य लागू होना चाहिए। अगर पूरे भारत में एक सिलेबस के तहत पाठ्यक्रम हो तो हर तरह से लोगों को एक शिक्षा मिलेगा। सरकार ने जिस तरह से शिक्षा अधिकार अधिनियम 2005 को एक कानून के रूप दिया है। उसी तरह एक देश एक शिक्षा के तहत अधिनियम बनाना चाहिए।

# हाउस टू हाउस वैरिफिकेशन को लेकर नाराजगी जतायी

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** प्रखंड के सभागार में निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह एसडीओ पूनम कुजुर व सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी क्रिस्टीना रिचा इंदवार द्वारा द्वितीय चरण के मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 की समीक्षा सभी बीएलओ के साथ बैठक कर किया। समीक्षा के दौरान एसडीओ पूनम कुजुर ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि हाउस टू हाउस वैरिफिकेशन फॉर्म प्रोसेसिंग में लक्ष्य काफी धीमा हैं। सभी बीएलओ सुपरवाईजर को निर्देश दिया कि द्वितीय चरण में हाउस टू हाउस 27 अक्टूबर से 09 दिसंबर तक किया जाना है। बैठक में एसडीओ व बीडीओ ने कहा कि एक भी घर और छूटे नहीं, एक भी अर्हताधारी नागरिक छुटना नहीं चाहिए, जिनका उम्र दिनांक 01 जनवरी 2024 को 18 वर्ष पूर्ण हो रहा है। साथ ही मृत मतदाताओं का नाम विलोपित करने हेतु मृत्यु प्रमाण-पत्र नहीं होने की स्थिति में मृत्यु पंजी में दर्ज के आधार पर प्रपत्र -7 के माध्यम से किया जाना है। मौके पर जेपीएस सॉंवना मांझी, बीएलओ रीना कुमारी, रिंकु कुमारी वर्मा, भूषण आरा, सरिता कुमारी, सारा देवी, कुमारी पूनम, शोभा देवी, सोनी देवी, श्वेता कुमारी, दुर्गा महतो, सजदा खातुन, अंजली शर्मा, मंजू देवी सहित अन्य बीएलओ मौजूद रहे।



बैठक में शामिल अधिकारी व लाभूक

### नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

**रामगढ़।** सेल/एसआरयू इफिको द्वारा सोमवार को सीएसआर योजना के अंतर्गत रामगढ़ जिला के मरार ग्राम मुंडा टोली के समीप मरार ग्लोबल स्कूल में नि:शुल्क चिकित्सा जांच शिविर एवम दवा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इफिको के महाप्रबंधक प्रभारी बी बी कांता ने द्वीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि आर के साहा महाप्रबंधक (वित्त एवम लेखा), पी के गुप्ता महाप्रबंधक (अनुरक्षण), आर के प्रधान उप महाप्रबंधक (उत्पादन), बी के टोप्पो उप महाप्रबंधक (साप्र), बी एस प्रसाद उप महाप्रबंधक उपस्थित हुए। कार्यक्रम के आयोजक सुनील कुमार सहायक महाप्रबंधक उपस्थित थे। शिविर में ग्राम वासियों के स्वास्थ की जांच कंपनी के चिकित्सक दीपांकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवम अभिषेक कुमार सिंह चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा किया गया।

# महिला जनप्रतिनिधि के साथ दुर्व्यवहार करना अशोभनीय: ओमप्रकाश मेहता



प्रभारी से मिलने पहुंचे प्रतिनिधि

खबर मन्त्र संवाददाता

**इचाक।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पुराना इचाक पंचायत समिति सदस्य सरस्वती देवी के साथ बीते 3 दिन पहले सीएचसी इचाक के डॉक्टर इरफान द्वारा दुर्व्यवहार करते हुए मान सम्मान पर ठेस पहुंचाया गया था। डॉक्टर इरफान द्वारा किए गए अमानवीय असोभनिय गलती को लेकर सांसद प्रतिनिधि ओम प्रकाश मेहता मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष सकेंद्र मेहता मुखिया प्रतिनिधि चंदन मेहता सीएचसी इचाक के प्रभारी डॉ ओमप्रकाश से मिले। मामला प्रभारी डॉक्टर ओमप्रकाश को अवगत करवाया गया । डॉक्टर इरफान द्वारा किए गए गलती पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग किया। चेतावनी देते हुए सांसद प्रतिनिधि ओमप्रकाश मेहता, मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष सकेंद्र मेहता, मुखिया प्रतिनिधि चंदन मेहता ने कहा की जन प्रतिनिधि सह आम जनता के साथ दुबारा दूव्यवहार किया गया तो आंदोलन करने पर विवश होंगे। साथ ही साथ सांसद प्रतिनिधि ओमप्रकाश मेहता ने प्रभारी डॉक्टर ओमप्रकाश मेहता से हॉस्पिटल की व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त करने को कहा।

नन कम्युनिकेबल डिसीज मॉड्यूल के तहत तीन दिवसीय प्रशिक्षण हुआ शुभारंभ

फोटो 02 कार्यक्रम में शामिल

रामगढ़। 6 से 8 नवम्बर तक चलनेवाले जिला स्तरीय एनपी -एनसीडी मोडुल के तहत तीन दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ सिविल सर्जन डॉ० महालक्ष्मी प्रसाद नेतृत्व में जिला यक्ष्मा कार्यालय रामगढ़ के सभागार में किया गया।

इस दौरान डॉ० तुलिका रानी जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी रामगढ़ द्वारा नन कम्युनिकेबल डिसीज यथा मधुमेह, हाइपरटेंशन, कैंसर के उपचार हेतु उपलब्ध संसाधनों, प्रक्रियाओं आदि संबंधित जानकारी दी गयी। प्रशिक्षण के दौरान डॉ० रेशमी रोमिला सांगा प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी मांडू एवं डॉ० पल्लवी कौशल सिविल सर्जन कार्यालय रामगढ़ द्वारा इस विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। इस आयोजन में मुख्य रूप से चिकित्सा पदाधिकारी, पदाधिकारी एवम स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित हुए।

कार्यक्रम में शामिल डॉ० शशी भूषण खालको डी० आर० सी०

# सब जूनियर खो-खो चैंपियनशिप में खिलाड़ियों ने किया शानदार प्र्रदशन

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सौन्दा बस्ती पारटांड स्टेडियम में चल रहे रामगढ़ जिला स्तरीय तीन दिवसीय प्रथम सब जूनियर खो-खो चैम्पियनशीप के दुसरे दिन सोमवार को खिलाडियों ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के प्रथम राउंड में बालिका वर्ग में चितरपुर ने 8 अंक, गोला 4 अंक और मांडू शून्य अंक प्राप्त किया। वहीं बालक वर्ग में पतरातू 10 अंक, गोला 8 अंक, रामगढ 6 अंक, चितरपुर 3 अंक और मांडू ने 3 अंक प्राप्त किया है। प्रतियोगिता में पतरातू, रामगढ, चितरपुर, गोला, मांडू और दुलमी के बालक बालिका वर्ग की टीमो ने हिस्सा लिया है। तीन दिवसीय प्रतियोगता का मंगलवार को पुरस्कार वितरण के साथ समापन होगा। मौके पर प्रभात कुमार, अमित कुमार, दयानंद प्रसाद, उपेन्द्र शर्मा, निरंजन प्रसाद, शशिभूषण बाउरी, अंबर कुमार, महेन्द्र राणा, मानस मुंडा, सकल मुंडा, रामबिलास करमाली, बालेश्वर मुंडा, स्वामी सिद्धांत बाउरी, राजकुमार मुंडा, धर्मवीर, संतोश प्रसाद, महतो, रामचन्द्र महतो, प्रदीप बाउरी, राहुल कुमार सहित दर्जनों लोग मौजूद थे। प्रतियोगता को सफल बनाने में कवि



खो-खो खेलते प्रतिभागी

### पावन क्रूस के विद्यार्थियों ने किया शानदार प्रदर्शन

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** होली क्रॉस स्कूल बोकारो स्टील सिटी के स्वर्ण जयंती समारोह के उपलक्ष्य में 3 नवंबर को आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में पटेलनगर भुरकुंडा स्थित पावन क्रूस स्कूल के द्यिार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में बच्चों ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार प्राप्त कर विद्यालय सहित कोयलांचल क्षेत्र का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता में मुस्कान कुमारी लंबी कूद में प्रथम, लक्ष्मी कुमारी 100 मीटर दौड में द्वितीय, निधि तिग्गा 800 मीटर दौड में द्वितीय, श्रृष्टि एक्का 400 मीटर दौड में तृतीय और खो-खो में राज्य में तृतीय स्थान प्राप्त किया है। बच्चों की सफलता पर स्कूल के खेल प्रशिक्षक मो. कमरूद्दीन और सोसन लकड़ा ने हर्ष व्यक्त करते हुए दिशा-निर्देश दिया।

### श्री अग्रसेन स्कूल का छात्र बना थाई बॉक्सिंग स्टेट चैंपियन

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** मय थाई एसोसिएशन झारखंड के तत्वावधान में जमशेदपुर में आयोजित स्टेट चैंपियनशिप में श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा के छात्र निशांत कुमार थाई बॉक्सिंग में झारखंड स्टेट चैंपियन बना है। निशांत ने अपने प्रतिद्वंद्वी आयुष कुमार को पराजित कर गोल्ड अपने नाम किया। इस जीत के साथ ही निशांत 19 दिसंबर से दिल्ली में आयोजित होनेवाले नेशनल चैंपियनशिप के लिए भी क्वालीफाई कर गया है। उरीमारी निवासी छत्रधारी साव के पुत्र निशांत की जीत पर विद्यालय परिवार और परिजनों में हर्ष का माहौल है। सोमवार को प्रातःकालीन सभा में प्राचार्य विवेक प्रधान ने निशांत को सम्मानित करते हुए कहा कि यदि लक्ष्य प्राप्ति के लिए कठिन परिश्रम करने की ठान लें, तो कुछ भी असंभव नहीं है। निशांत ने अपनी जीत से सभी को गौरवान्वित किया है।

### रोमांचक इंडियन मास्टर्स पोलो चैम्पियनशिप में जिन्दल पैंथर ने अचीवर्स ब्ल्यू को हराया

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** नयी दिल्ली के जयपुर पोलो मैदान में आयोजित पोलो टुनामेंट में जिंदल पैथर की टीम ने जीत हासिल किया है। इसमें पोलो खिलाड़ी नवीन जिन्दल के नेतृत्व में सैंटियागो मरांबियो, अर्जुन पुरस्कार विजेता सिमरन शेरगिल और सिद्धांत शर्मा ने अपने आक्रामक खेल की बदौलत टीम जिन्दल पैंथर को शानदार जीत दिलाई है। टीम जिन्दल पैंथर ने बेहद रोमांचकारी मैच में अचीवर्स ब्ल्यू को सोथेबीज इंटरनेशनल रियल्टी इंडियन मास्टर्स पोलो टूनामेंट 14 गोल के फाइनल में 8 के मुकाबले 9 गोल से हरा दिया। नई दिल्ली के जयपुर पोलो ग्राउंड में आयोजित इस मैच में दोनों ही टीमों के खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। जिन्दल पैंथर की ओर से नवीन जिन्दल ने 1, सिमरन शेरगिल ने 3, सैंटियागो मरांबियो ने 4 और सिद्धांत शर्मा ने 1 गोल किया जबकि अचीवर्स ब्ल्यू की ओर से मैथ्यू पेरी ने 3 और अभिमन्यु पाठक ने 5 गोल किये।

## एक नजर में

### युवक मोहित राज की मौत को लेकर व्यवसायियों ने किया बंदी का समर्थन



एसडीओ को ज्ञापन सौंपते व्यवसायी

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** युवक मोहित राज की मौत के आक्रोश में व्यवसायी संघ द्वारा एक दिवसीय बरही बंद का आह्वान किया गया था। जिसका समर्थन बरही के सामाजिक व राजनीतिक दल के लोगो ने भी किया और बरही बंद का असर देखने को मिला। सभी दुकानें बंद रहे और बरही चौक पर बंद को सफल बनाने में व्यवसायिक संघ, सामाजिक एवं राजनीतिक दल के लोग बरही चौक पर बैठे और युवक मोहित राज के मौत पर दुःख व्यक्त करते हुए आरोग्यम अस्पताल के प्रबंधन की निंदा किया। इस दौरान व्यवसायिक संघ के अध्यक्ष कपिल प्रसाद केशरी ने कहा कि युवक की मौत आरोग्यम अस्पताल के लापरवाही के कारण हुआ है। उन्होंने कहा कि अस्पताल प्रबंधन उनके परिजनों से आकर गलती नही मांगता है तब तक यह आंदोलन चरणबद्ध तरीके से अनवरत जारी रहेगा। इसके अलावा बरही के दर्जनों व्यवसायियों व राजनीतिक व सामाजिक कार्यकताओं ने भी अपनी बात रखी और घटना की निंदा की। मृतक युवक के चाचा मनोज साव ने कहा कि घटना के बाद लगातार उनपर दबाव बनाया जा रहा है लेकिन किसी भी परिस्थिति में मोहित राज को न्याय दिला कर रहूंगा। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, विश्व हिंदू परिषद के जिला सहमंत्री गुरुदेव गुप्ता, सामाजिक कार्यकर्ता भगवान केशरी, साहू समाज के मुखिया विजय प्रसाद, मनोज कुमार, नंदकिशोर कुमार सहित अन्य दर्जनों लोगों ने भाग लिया।

### उन्नत बीज से किसानों की आय में होगी वृद्धि : विशेश्वर यादव



बीज वितरण करते अधिकारी व मुखिया प्रतिनिधि

**बरही।** प्रखण्ड के केदारुत पंचायत में कृषि अनुसंधान संस्थान गौरियाकरमा (आईसीएआर) के सौजन्य से अनुसूचित जाति के दर्जनों किसानों के बीच बीज का वितरण किया गया। बीज का वितरण मुखिया प्रतिनिधि विशेश्वर यादव ने किया। इस दौरान मुखिया प्रतिनिधि विशेश्वर यादव ने किसान मित्रों को संबोधित करते हुए कहा कि उन्नत बीज का उपयोग करने से फसल के उपज में गुणात्मक वृद्धि होती है।जिससे किसानों की आय में वृद्धि होने की संभावना बढ़ जाती है। उन्होंने किसानों को बताया कि उन्नत बीज का उपयोग खेती में ही करें। जिससे उनकी आय में वृद्धि के साथ किसान आत्मनिर्भर बनेंगे। उन्होंने कहा कि किसानों के बीच बीज उपलब्ध कराना संस्थान की अच्छी पहल है, इससे किसानों को खेती के प्रति रुचि बढ़ेगा। मौके पर उप मुखिया कंचन देवी, बरही कृषि पदाधिकारी समीर रंजन, सामाजिक कार्यकर्ता प्रद्युम्न सिंह, रामदीन यादव, उदय यादव, दीपक साव, राकेश भुईयां व कृषि अनुसंधान केंद्र के वैज्ञानिक कृष्ण कुमार समेत अन्य वैज्ञानिक उपस्थित रहे।

### भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में प्रतियोगिता का आयोजन



रंगोली प्रतियोगिता में शामिल बच्चे

**बरही।** बरही गया रोड में संचालित भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर विद्यार्थियों के बीच रंगोली, तोरण एवं सोहराई चित्रण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतिभागी भैया बहनों ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ठ प्रदर्शन करते हुए विद्यालय में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान के हकदार बने। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान तेजस्वी कुमारी एवं कोमल कुमारी कक्षा छः (अ), द्वितीय स्थान प्रियांशी एवम् आयुषी कक्षा सप्तम(ब), तृतीय स्थान खुशी एवम् श्रीस्टी छः (ब), तोरण प्रतियोगित में प्रथम स्थान आराध्या कुमारी पंचम (ब) द्वितीय स्थान आरूषि झा पंचम (अ) एवम् रिद्धि राणा चतूर्थ तृतीय स्थान आरोही कुमारी पंचम (ब), सोहराई प्रीतियोगिता में प्रथम स्थान जिया राणा सिमना प्रिया नवम (ब) द्वितीय स्थान आशीष कुमार तृतीय स्थान दिव्या कुमारी को प्राप्त ह७आ। प्रतियोगिता का अवलोकन विद्यालय के अध्यक्ष अमित कुमार साहू, साहू समाज मुखिया सह पदेन सदस्य सुरेश साहू एवम् प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय ने किया। इस मौके पर सभी आचार्य व दीदी उपस्थित रहे।

### श्री श्री पठवा मंदिर का मनाया जाएगा 38वां स्थापना दिवस, तैयारी अंतिम चरण में

**रजरप्पा।** रजरप्पा आवासीय कॉलोनी स्थित श्री श्री पठवा हनुमान मंदिर का 38वां स्थापना दिवस मनाया जाएगा। इसको लेकर पठवा हनुमान समिति द्वारा बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता संरक्षक उमेश महतो ने की. स्थापना दिवस को लेकर तैयारी जोर शोर से चल रही में है। मंदिर के संरक्षक ने बताया कि स्थापना दिवस कि सुबह पूजा एवं रुद्राभिषेक कार्यक्रम प्रारंभ की जाएगी। पूजा के बाद प्रसाद वितरण किया जाएगा। मंदिर परिसर को पूरी तरह आकर्षक रंगो से रंगा गया है। तथा आकर्षक तरीके से विद्युत सज्जा तथा पुष्प सज्जा किया जाएगा। वही निर्धारित सदस्यता शुल्क 2100 रुपए, मंदिर परिसर में 24 घंटे अखंड कीर्तन, 29 नवंबर को जागरण एवं महाभंडारा का आयोजन करने का निर्णय लिया गया है। मौके पर अध्यक्ष सह सेवई उत्तरी पंचायत मुखिया कुलदीप सिंह, अजय सिंह, विजय ठाकुर, संजीव घोष, अजय कुमार सिंह, अशोक कुमार, पाँथो नंदी, प्रकाश यादव, शुभम गुप्ता आदि मौजूद थे।

# तेजस्वी यादव ने कसा तंज अमित शाह जी आते रहिए

एजेंसी

**पटना।** बिहार में जाति आधारित गणना को लेकर एक बार फिर सियासी उठापटक तेज हो गई है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को मुजफ्फरपुर में जनसभा के दौरान जब इस मुद्दे को हवा दी तो सियासी हलचल बढ़ गई है। भाजपा नेता खुलकर इस मुद्दे पर सामने आ गए। इसी क्रम में भाजपा नेता सुशील मोदी ने सरकार पर हमला बोला है। वहीं, राजद नेता और प्रदेश उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने भी इस मुद्दे पर सोमवार को प्रतिक्रिया देते हुए जमकर पलटवार किया है। राजधानी पटना में राजद नेता और डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने सोमवार को मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए भारतीय जनता पार्टी पर तंज कसते हुए हमला बोला। उन्होंने जाति आधारित सर्वे पर कहा कि वे कह रहे हैं कि पिछड़ों और अति पिछड़ों की संख्या कम हो गई है और यादवों की संख्या बढ़ गयी है। क्या यादव पिछड़े नहीं हैं वे किस आधार पर कह रहे हैं कि क्या बढ़ाया या घटाया गया है। हमारे पास वैज्ञानिक डेटा है। उनके पास इसका समर्थन करने का आधार होना चाहिए। वे ऐसा किस आधार पर कह रहे हैं अगर बढ़ाना होता तो नीतीश कुमार कुर्मी समाज से हैं, तो कुर्मी समाज का बढ़ा दिया गया होता। तेजस्वी यादव ने कहा कि 1931 में आंकड़ों में 11 फीसदी यादव थे। ये 11 फीसदी तब थे, जब ओडिशा और झारखंड साथ थे। जहां तक अल्पसंख्यकों की बात है, वो तो सबके सामने है। ये सब बेबुनियाद आरोप लगाने से कोई मतलब नहीं है। तेजस्वी ने सवाल किया कि आंकड़ा बढ़ा दिया गया या घटा दिया गया यह बात वे किस आधार पर बोल रहे हैं।



### लालू के दबाव में अति पिछड़ों की संख्या कम बताई : सुशील मोदी

बिहार में जाति आधारित सर्वे पर बीजेपी नेता सुशील मोदी ने कहा कि जहां राजद के एक मंत्री हैं सरकार में, कांग्रेस के चार मंत्री हैं। उन लोगों ने तो पंचायत का चुनाव बिना ओबीसी को आरक्षण दिए करा दिया और ललन जी (ललन सिंह) हमसे सवाल पूछ रहे हैं। पहले जिस गठबंधन में आप हैं, उसके नेताओं से पूछिए कि आज तक उन्होंने कांग्रेस शासित राज्यों में जाति गणना क्यों नहीं कराई? जब चुनाव नजदीक आए और एलान हो गया तब राजस्थान को याद आया, तब कह रहे हैं कि छत्तीसगढ़ में कराएंगे। उन्होंने कहा कि इनको कोई जाति गणना से मतलब नहीं है। बस देश को जाति के नाम पर बांटने का काम कर रहे हैं। अमित शाह ने कल ठीक ही कहा कि यादवों और मुस्लिमों की संख्या को बढ़ा दिया गया।

### हम सर्वे के पक्ष में थे, ये हमारी सरकार का निर्णय था : मोदी

आज यहां बिंद, मल्लाह, नूनिया, बेलदार, वैश्य, चंद्रवंशी सारी जातियों का धरना प्रदर्शन चल रहा है। सब कह रहे हैं कि हमारी संख्या को जानबूझकर कम करके बताया गया है। हम इस सर्वेक्षण को कराने के पक्ष में थे। ये हमारी सरकार का ही निर्णय है, लेकिन आपने तो पिछड़ों की हकमारी कर दी है। अतिपिछड़ों को धोखा देने का काम किया है। इसका जवाब ललन सिंह दें। आखिर इन वर्गों की संख्या कम कैसे हो गई या घट कैसे गई।

## 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा बिहार में शून्य पर होगी आउट : ललन सिंह

एजेंसी

पटना। जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सांसद राजीव रंजन सिंह ललन ने रविवार को पार्टी कार्यालय में पत्रकारों को संबोधित करते हुए भाजपा और अमित शाह पर धार्मिक उन्माद फैलाने का आरोप लगाया। साथ ही कहा कि यह लोग आने वाले 2024 के लोकसभा चुनाव में बिहार में शून्य पर आउट होंगे। अमित शाह के रविवार को मुजफ्फरपुर में बिहार की नीतीश सरकार पर कई तरह के आरोप लगाने पर ललन सिंह ने कहा कि भाजपा बिहार में कमजोर है। नीतीश कुमार गठबंधन धर्म निभाते हुए भाजपा को कंधे पर उठाकर चले लेकिन भाजपा ने हमेशा नीतीश कुमार के पीठ में छुरा घोंपने का काम किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने आरोप लगाते हुए कहा कि गठबंधन में रहते हुए भाजपा ने अरुणाचल प्रदेश और मणिपुर के हमारी पार्टी के विधायकों को तोड़ा और इसके सूत्रधार गृहमंत्री अमित शाह ही थे। वर्ष 2005 में जदयू सबसे बड़ी पार्टी थी और 2010 में हमारे पास 118 विधायक थे। हम चाहते तो अकेले सरकार बना सकते थे लेकिन हमने गठबंधन धर्म का पालन किया और भारतीय जनता पार्टी को कंधे पर बिठाया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि अमित शाह मुजफ्फरपुर की रैली में कह रहे थे कि जातीय गणना का जब फैसला हुआ था तब भाजपा बिहार सरकार में शामिल थी लेकिन उन्हें यह भी बताना चाहिए था कि बिहार विधानमंडल ने दो बार देशभर में जातीय जनगणना करवाने का प्रस्ताव पारित करवाया था। उन्हें यह भी बताना चाहिए था कि जदयू के 11 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने गृहमंत्री अमित शाह से मिलकर देशभर में जातीय जनगणना करवाने की मांग की थी। उन्होंने यह बात नहीं बताई की मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी सभी दलों के प्रतिनिधियों के साथ प्रधानमंत्री से मिलकर जातीय जनगणना करवाने की मांग की थी लेकिन उसे केंद्र सरकार ने खारिज कर दिया। ललन सिंह ने कहा कि जदयू और नीतीश कुमार पर लालू यादव या किसी का भी कोई दबाव नहीं है। अमित शाह मुजफ्फरपुर में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पलटूराम कहकर संबोधित कर रहे थे। ललन सिंह ने कहा कि समय बताएगा कि कौन पलटूराम है। उन्होंने कहा कि शाह का जितनी बार मन करे उतनी बार बिहार आएं लेकिन शाह सही नहीं बोलते हैं। ललन सिंह ने कहा कि अमित शाह ने मुजफ्फरपुर में कहा कि बिहार में जो जाति गणना हुई है उसकी रिपोर्ट गलत है। ललन ने कहा कि ऐसे में अमित शाह ने मंच से घोषणा क्यों नहीं कर दिया कि हम दोबारा जातीय गणना करवाएंगे और इस रिपोर्ट को गलत साबित करेंगे।



## बांका में रिटायर्ड दारोगा की हत्या

- बेटे पर ही लगा तलवार से वार करने का आरोप
- पिता की पेंशन पर थी बेटे की नजर

एजेंसी

**बांका।** बांका जिले शंभुगंज थाना क्षेत्र के बेलसीरा गांव में हत्या का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोपों के अनुसार, एक जुआरी पुत्र ने अपने पिता की धारदार तलवार से हत्या कर दी। बीच-बचाव करने पहुंची उसकी दो पुत्रवधु भी जख्मी हो गईं। 80 वर्षीय चमकलाल यादव की हमले से मौत हो गई, जबकि मृतक की पुत्रवधु कुंदन यादव की पत्नी संगीता देवी और संतोष यादव की पत्नी बबीता देवी बीच-बचाव में घायल हो गईं। बताया जा रहा है कि 60 हजार के लिए बेटे पंकज यादव ने घटना को अंजाम दिया है। घटना की सूचना पर पुलिस जांच करने में जुट गई है। जख्मी संगीता देवी सहित अन्य स्वजनों ने बताया कि चमकलाल यादव बीएमपी में भर्ती हुआ थे, फिर दारोगा बनकर जमालपुर से सेवानिवृत्त हो गए। चमकलाल की पत्नी सरोजनी देवी का निधन 15 वर्ष पहले हो चुका है। चमकलाल यादव की सात संतानों में दो पुत्री एवं पांच पुत्र है। पुत्री मीरा और नीलम देवी की शादी हो चुकी है। इसके अलावा अलावा बड़ा पुत्र जनार्दन यादव, मनोज यादव, संतोष यादव, पंकज यादव एवं कुंदन उर्फ छोटू यादव है। गंभीर बीमारी के कारण दूसरे नंबर के पुत्र मनोज की मृत्यु हो चुकी है और जनार्दन खेती-किसानी का काम करता है। बाकी दो भाई कुंदन और संतोष ड्राइवर है। वहीं, चौथे नंबर के बेटे पंकज के बारे में कहा जाता है कि वह जुआरी और अय्याश भी है। बताया कि जुएं और नशे की लत के कारण पंकज अपने हिस्से की पांच कट्ठा जमीन भी बेच चुका है। पिछले कुछ माह से पंकज अपने पिता की पेंशन राशि पर नजर गड़ाए हुए था, लेकिन चमकलाल पेंशन राशि देने से मना कर रहे थे।

बताया जाता है कि एक नवंबर से ही पंकज 60 हजार रुपये के लिए पिता पर दबाब बना रहा था। सोमवार की सुबह चमकलाल यादव शौचालय से आने के बाद आंगन में चापानल के समीप बैठकर दातून कर रहे थे। इस दौरान अचानक पंकज यादव हाथ में तलवार लेकर आया और चमकलाल की गर्दन पर प्रहार कर दिया।

## स्पीड न्यूज

### ट्रेन से कटकर एक युवक की मौत, शिनाख्त

**दुमका।** जिले के जरमुंडी थाना क्षेत्र के दुमका जसीडीह रेल खंड पर सोमवार की दोपहर ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। जिसमें उक्त व्यक्ति का सर धड़ से अलग क्षत-विक्षत हालत में पटरी पर पड़ा मिला। उधर घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ घटनास्थल पर जमा हो गई। जिसकी पहचान बासुकीनाथ निवासी दिलीप कुमार राव (45), पिता अर्जुन राव के रूप में हुई। जो बासुकीनाथ में स्टैंड किरानी का काम करता था। इसी दरमियान घटना की जानकारी मिलते ही जरमुंडी पुलिस मौके पर पहुंच शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### चाईबासा में तीन आईईडी बम बरामद

**पश्चिमी सिंहभूम।** जिले के टोंटो थाना क्षेत्र में तीन आइईडी बम बरामद कर निरोधक दस्ते के सहयोग से मौके पर ही निष्क्रिय कर दिया गया। नक्सलियों के खिलाफ रविवार को चलाए जा रहे सर्च ऑपरेशन के दौरान सुरक्षा बलों ने टोंटो थाना क्षेत्र अंतर्गत तुम्बाहाका और रेंगडाहातु जंगली व पहाड़ी रास्ते में सुरक्षाबलों ने पांच-चांच किलोग्राम के इन आइईडी बमों को बरामद किया। उल्लेखनीय है कि दस अक्टूबर से पुलिस और सीआरपीएफ जवान टोंटो थाना क्षेत्र के हुसिपी, राजाबासा, तुम्बाहाका, रेंगडा, पाठतोरब, गोबुरु, लुईया एवं अंजदबेड़ा के सीमावर्ती क्षेत्र तथा गोइलकेरा थाने के कुईड़ा, छोटा कुईड़ा, मारादिरी, मेरालगड़ा, हाथीबुरु, तिलायबेड़ा, बोयपाईससाग, कटम्बा, बायहातु, बोरोय, लेमसाडीह के सीमावर्ती क्षेत्रों में सर्च ऑपरेशन चला रही हैं। सूचना है कि भाकपा माओवादी नक्सली नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु, चमन, कांड़े, अजय महतो, सागेन अंगरिया, अश्वनी का दस्ता कोल्हान के जंगलों में भ्रमणशील है।

### विपक्ष सिर्फ चुनाव लड़ने वाले दल का नाम बताएं : अविनाश वर्मा

**मेदिनीनगर।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य अविनाश कुमार वर्मा ने झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य डा० एम तौसीफ के पलामू दौरे में प्रेस वार्ता कर दिए गए बयानों पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। विदित हो कि गत दो दिनों से आयोग के सदस्य पलामू दौरे के क्रम में प्रेस वार्ता कर भारतीय जनता पार्टी समेत पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को बोरो प्लेयर जबकि पलामू सांसद बीडी राम पर दो टर्म में भी कुछ न करने का आरोप लगाया है। अविनाश वर्मा ने एक बयान जारी कर तौसीफ से आयोग की गरिमा को बचाएं और बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि अपनी पहचान बनाने के लिए इस तरह की हल्की बातें करना शोभा नहीं देती है। ऐसे में राज्य के पहले मुख्यमंत्री रह चुके और दुनिया के सबसे बड़े राजनीतिक दल के प्रदेश अध्यक्ष को बोरो प्लेयर कहना हल्की और छिछोरी बातें हैं। कहा कि सांसद को पलामू की जनता के साथ पूरा प्रदेश जानता है कि अपने दो टर्म के कार्यकाल में सांसद के द्वारा विकास की एक नई लकीर खींचीं गई है जो अविस्मरणीय है और उसकी चर्चा विज्ञप्ति और बयानों से नहीं की जा सकती, क्योंकि प्रदेश अध्यक्ष और पलामू सांसद विकास के मापदंड है। उन्होंने सवालिया लहजे में कहा कि इसके पूर्व यूपीए गठबंधन के सांसदों की भूमिका और उपलब्धियों पर भी कांग्रेस, झामुमो और राजद को जवाब देना चाहिए जिसे जनता ने दो टर्म मौका दिया। जबकि झामुमो तो अपने कोटे से बने सांसद का नाम भी लेना नहीं चाहती जिसका कारण दुनिया जानती है। उन्होंने आई एन डी आई ए गठबंधन के सभी नेताओं को चुनौती देते हुए कहा कि अगर इन पार्टियों में दम है तो सिर्फ यह घोषणा करें कि गठबंधन के तहत यहां कौन पार्टी लोकसभा चुनाव लड़ेगी उसके बाद उम्मीदवार की बात होगी। उन्होंने कांग्रेस पार्टी को क्षेत्रीय पार्टियों की पिछलग्गू पार्टी करार देते हुए कहा कि देश की सबसे पुरानी पार्टी होने का दम्भ भरने वाली कांग्रेस पार्टी लोकसभा में हासिए पर होने के बावजूद केंद्र में सरकार बनाने का सपना देखती है।

## महगामा विधायक ने किसान भवन सह अनाज गोडाउन का किया उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** मेहरमा प्रखंड क्षेत्र के परसा गांव में सोमवार को क्षेत्रीय विधायक दीपिका पांडे सिंह ने नवनिर्मित किसान भवन सह अनाज गोदाम का उद्घाटन फीता काटकर किया। इस अवसर पर किसानों को संबोधित करते हुए विधायक दीपिका पांडे सिंह ने कहा कि इस भवन के माध्यम से मेहरमा प्रखंड और गोड्डा जिले के साथ-साथ बगल गीर पांच जिले के किसानों मजदूरों और इच्छुक लोगों को मछली पालन, गौ पालन, बेहतर ढंग से कृषि कार्य करने, बागवानी आदि का निशुल्क प्रशिक्षण मिल सकेगा। इस प्रकार का प्रशिक्षण रांची में दिया जाता रहा है।बहुत ऐसे किसान मजदूर हैं जो रांची नहीं जा पाए थे। उन्हें यहां पर प्रशिक्षण लेने में बेहतर सुविधा मिल सकेगा। किसानों को आसानी से उचित और न्यूनतम दर पर तथा विभिन्न योजनाओं से संबंधित अलग-अलग प्रकार से बीज, खाद आदि भी मिलेगा। किसानों द्वारा उत्पादित धान, गेहूं आदि के फसलों की भी खरीदारी निर्धारित उचित मूल्य पर की जाएगी।दूध का व्यापार को भी बढ़ावा दिया जाएगा। किसानों को कृषि ऋण भी यही से उपलब्ध कराने संबंधी कार्य किया जाएगा। बताई कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस पार्टी की सरकार है वहां किसानों के धान को ?3000 प्रति क्विंटल की दर से सरकार द्वारा खरीदी जा रही है।आने वाले समय में झारखंड में भी यह नियम लागू करवाने का प्रयास किया जाएगा। गोड्डा आत्मा के उप परियोजना निदेशक राकेश कुमार सिंह, खुशहाली फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के मुख्य प्रबंधक पर्यावरण झा आदि ने भी उपस्थित किसानों को बेहतर ढंग से कृषि कार्य करने और राज्य सरकार, केंद्र सरकार, नवार्द आदि द्वारा विभिन्न योजनाओं के माध्यम से मिलने वाले लाभ के बारे में विस्तार से जानकारी दिया। इस अवसर पर मेहरमा प्रखंड क्षेत्र के महागठबंधन दल के दर्जनों कार्यकर्ता, ठाकुर गंगटी के बीस सुत्री सह कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अवधेश ठाकुर, युवा प्रखंड अध्यक्ष मिस्टर खान, निक्कू उर्फ प्रीतम कुमार झा, जमील अंसारी सहित सैकड़ो किसान मजदूर शामिल थे।



## श्रद्धालु भक्तो ने नम आंखों से दी माँ की विदाई, महिलाओं ने एक दूसरे को लगाई सिंदूर

खबर मन्त्र संवाददाता

**अमड़ापाड़ा( पाकुड़)।** वैष्णवी दुर्गा माता मंदिर में दुगार्पूजा सह लख्खी पूजा मेला समापन के बाद सोमवार को स्थापित माँ दुर्गा की प्रतिमा को एवं लक्खी मंदिर में स्थापित लक्खी माता की प्रतिमा को नगर भ्रमण के साथ विसर्जन किया गया। विसर्जन से पूर्व महिलाओं ने मंदिर पहुँचकर माँ की पूजा अर्चना की एवं सिंदूर खेला के रस्मों को पूरा किया। महिलाओं ने एक दूसरे को सिंदूर लगाकर एवं सिंदूर उड़ा कर मां की विदाई दी। एवं बारी बारी से श्रद्धालु भक्तो ने माता रानी को प्रणाम किया। इस दौरान भक्तो ने एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगाया गया। एवं गणेश-लक्ष्मी जी, दुर्गा माँ, कार्तिक-लक्ष्मी जी की प्रतिमा को नगर भ्रमण के साथ विदाई संगीत के धुन में माता रानी के जयघोष के साथ बासलोई नदी में श्रद्धालु भक्तो ने नम आंखों से माँ को विदाई देकर विसर्जित किया। मौके पर उपस्थित सार्वजनिक दुगार्पूजा समिति के सदस्य दशरथ भगत, संजय भगत, कन्हैया भगत, चन्द्रशेखर भगत, संतोष गुप्ता, राजेश रंजन भगत, ओमप्रकाश भगत, संदीप ओझा, शम्भूनाथ झा, राज आनंद, रंजन भगत, रौशन कुमार, रिंटू कुमार, विष्णु कुमार, मुकेश कुमार, सुनील मंडल, शैलेंद्र भगत के अलावे पूजा समिति के सदस्य एवं ग्रामीण मौजूद थे।



## पेज एक का शेष

### अधिकारी चेतें, उनके ...

उन्होंने उपायुक्तों को चेताते हुए कहा कि वे इस अभियान को गंभीरता से लें, आप जिले के मुख्यमंत्री हैं, आपके कार्यों की समीक्षा भी होगी, ऐसे में गंभीरता से लें और काम करें। आप की कार्यशैली राज्य के विकास को बेहतर दिशा देने का काम करती है। आप लोगों के बीच उदाहरण पेश करें।

### वेटनरी विवि की ...

राज्य के सभी प्रखंडों और 23 जिलों में अस्पतालों का कायाकल्प हो इसके लिए प्रयास किए जा रहे हैं, इसके लिए बजट को मल्टीपल किया जा रहा है। चिकित्सक पशुपालकों को पशुओं की बीमारी को लेकर मेंटली काउंसलिंग कर सकते हैं, इससे उनका मर्ज आधा हो जायेगा। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन के कारण मौसम का मिजाज बदल रहा है इसलिए पशुपालन क्षेत्र कृषि का वैकल्पिक व्यवसाय बन सकता है। जल्द ही हम 236 पशु एंबुलेंस की शुरूवात करने जा रहे हैं। पहले 23 और 66 नया पशु चिकित्सकों की नियुक्ति की गई हैं और अन्य रिक्तियां भी भरने की प्रक्रिया की जा रही है।

**अपग्रेड रहने की जरूरत है : सचिव :** विभाग के सचिव अबू बकर सिद्दिक ने कहा कि आज के दौर में तकनीक से अपग्रेड रहने की जरूरत है। आज आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसी के माध्यम से बड़े बड़े इलाज हो रहे हैं। अगर आप कॉल पर रिस्पॉन्स नहीं देंगे तो यह योजना फेल हो जायेगी।

**फेज वार अस्पतालों का होगा कायाकल्प : निदेशक :** पशुपालन विभाग के निदेशक आदित्य रंजन ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पशुओं के इलाज के लिए राज्य में पहला ऐसा अस्पताल शुरू हुआ है, जो रोज 24 घंटे खुला रहेगा। विभाग ने फेज वार राज्य में 100 -100 अस्पताल के कायाकल्प का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। हमारा प्रयास है कि सभी पशु चिकित्सालय में आधारभूत संरचना का विकास किया जाय और उपकरण आदि उपलब्ध कराए जाएं। हेसाग के आदर्श हॉस्पिटल में सर्जरी एवं पैथोलॉजी की पूरी व्यवस्था है। प्रशिक्षण शिविर के संबंध में बताया कि राज्य में पहली बार दो दिवसीय चिकित्सकों के प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है जिसमें अन्य प्रदेशों से विशेषज्ञों द्वारा ट्रेनिंग दी जायेगी। कार्यक्रम में पांच पशु चिकित्सकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर गो सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन, उपाध्यक्ष राजीव गिरी, कृषि निदेशक संजय सिन्हा सहित कई पदाधिकारी एवं पशु चिकित्सक व पशु सखी और पशुपालक मौजूद थे।

### रांची में बना पूर्वी ...

इस परियोजना पर काम की शुरूआत वर्ष 2020 में हुई। इसके बाद कोविड-19 महामारी के कारण भी परियोजना में देरी हुई। तितली उद्यान के रखरखाव पर सालाना 25 लाख रुपये का खर्च होगा। पार्क के बगल में ही पूर्वी भारत का सबसे बड़ा मछलीघर पहले से है।

### विश्व में लगातार...

बढ़ते प्रदूषण ने चिंता बढ़ायी : केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के एक्यूआइ 436 रहा, जो काफी हानिकारक है। डॉक्टरों की मानें तो 50 से कम एक्यूआइ ही स्वस्थ शरीर के लिए सही है। दिल्ली लगातार करीब 450 का एक्यूआइ न केवल सरकार के लिए, बल्कि फेफड़ों की बीमारी से ग्रसित लोगों के लिए चिंता का सबब बन गया है। डॉक्टरों का कहना है कि फेफड़ों के बीमारी से ग्रसित व्यक्ति इस समय बाहर न निकलें और अगर निकलें भी अच्छा मास्क जरूर पहनें। 8 सूत्रीय एक्शन प्लान के अनुसार दिल्ली में ट्रकों के प्रवेश को बैन कर दिया गया है। हालांकि जरूरी सामानों व सेवाओं को प्रदान करने वाले ट्रकों व सीएनजी, एलएनजी व इलेक्ट्रिक ट्रकों पर यह नियम लागू नहीं होगा।

**ऑड-इवन योजना :** प्रदूषण की रोकथाम के लिए सोमवार को आपात बैठक में दिल्ली में 13 से 20 नवंबर तक ऑड-ईवन रूल लागू करने पर सहमति बनी। जरूरत पड़ने पर सख्ती और बढ़ायी जा सकती है। ऑड-ईवन योजना के तहत दिल्ली की सड़कों पर ऑड वाले दिन ऑड (विषम) संख्या यानि 1, 3, 5, 7, 9 नंबर वाले चार पहिया गाड़ियों को चलने की इजाजत होगी। वहीं इवन वाले दिन जिस गाड़ी के रजिस्ट्रेशन नंबर के अंत में संख्या 2, 4, 6, 8 है, उसे ही चलने की अनुमति दी रहेगी। इसका पालन नहीं करने पर 2000 रुपये जुर्माना लगाया जायेगा। 13, 15, 17 को ऑड नंबर गाड़ियां और 14, 16, 18, 20 नवंबर को इवन नंबर की गाड़ियां को चलने की इजाजत होगी। दीपावली पर दिल्ली में पटाखों पर रोक दी गयी है।

**पहाड़ों की तरफ लौट रहे लोग :** दिल्ली में पहाड़ी राज्यों से आकर बसे लोग वापस अपने गांव की तरफ रुख कर रहे हैं। पहाड़ी राज्य की रहने वाली रीता ने बताया कि उनको शुद्ध हवा में रहने की आदत है। रोजगार के चलते दिल्ली आना पड़ा, लेकिन बढ़ते प्रदूषण के कारण दिल्ली में रहना मुश्किल हो रहा है। इसलिए उन्होंने अपने बुजुर्ग माता-पिता को गांव भेज दिया है।

## श्रम नियोजन, प्रशिक्षण, कौशल विभाग द्वारा एक दिवसीय दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

गोड्डा। आज श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के तत्वाधान में जिला नियोजनालय, गोड्डा द्वारा गोड्डा कॉलेज मैदान, गोड्डा में एकदिवसीय दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महागामा विधानसभा क्षेत्र से विधायक दीपिका पांडे सिंह के कर कमलों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। उल्लेखनीय है कि इस मेला में कुल 23 निजी क्षेत्र की कम्पनियाँ सम्मिलित हुई। जिसमें बाहर की कम्पनियों समेत यहाँ की स्थानीय कम्पनियाँ भी शामिल हुई, बताते चले की इस प्रखण्ड स्तरीय रोजगार मेले में 187 अभ्यार्थियों को शॉर्टलिस्ट एवं कुल 289 अभ्यर्थियों को चयनित किया गया। जिला नियोजन पदाधिकारी ने बताया कि नियोजनालय द्वारा समय समय पर रोजगार मेला का आयोजन किया जाता रहा है, ताकि बड़ी संख्या में पढ़े-लिखे, योग्यता प्राप्त बेरोजगारों को निजी क्षेत्र में नाकरियाँ मिल सके, यह कार्यक्रम आगे भी जारी रहेगा।

## तिनपहिया अनियंत्रित होने से दिब्यांग की हुई मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

गोड्डा। ठाकुर गंगटी थाना क्षेत्र के पुरैंदा पूल तीखा मोड़ के निकट दिव्यांग तिनपहिया स्कूटी के दुर्घटना होने पर खरखोदिया ग्राम निवासी 60 वर्षीय दिव्यांग नवीन यादव की मौत हो गई। दिव्यांग नवीन यादव दिव्यांग के जिला अध्यक्ष शिवनंदन यादव के साथ अपने दिव्यांग तीन पहिया स्कूटी पर सवार होकर मैनाचक हाट जा रहे थे। गाड़ी नवीन यादव ही चला रहे थे। तभी पकसो गांव के बाहर पुरैदा पुल तीखा मोड़ के निकट तीन पहिया स्कूटी के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से नवीन यादव पक्की सड़क पर गिरकर घायल हो गया।घायल अवस्था में उसे स्थानीय लोगों और परिजनों द्वारा हरि देवी रेफरल अस्पताल लाया गया।जब तक चिकित्सक द्वारा उसे बेहतर इलाज के लिए गोड्डा भेजा जाता तब तक दिव्यांग नवीन यादव की मौत हो गई। दिव्यांग नवीन यादव का गौतम यादव पोसी पुत्र है।उसी के द्वारा अंतिम संस्कार किया जाएगा। परिवार के भतीजे व अन्य सदस्यों ने गहरा दुख व्यक्त किया है। नवीन यादव को दिव्यांग का प्रोत्साहन पेंशन मिलता था और वे कई वर्षों तक दिव्यांग के प्रखंड अध्यक्ष भी रहे। साथ ही साथ महा गठबंधन के कार्यकर्ता भी थे। अभी कुछ महीने पूर्व ही विधायक दीपिका पांडे सिंह द्वारा नवीन यादव को दिव्यांग तीन पहिया स्कूटी उपलब्ध कराई गई थी। महागठबंधन के कार्यकताओं ने भी शोक व्यक्त किया है। विधायक दीपिका पांडे सिंह और खरखोदिया पंचायत के मुखिया मनोरंजन कुमार द्वारा दिव्यांग नवीन यादव का अंतिम संस्कार के लिए राशि देकर सहयोग की गई है।

## आरईओ सड़क निर्माण कार्य का विधायक ने किया शुभारंभ

खबर मन्त्र संवाददाता

**पाकुडिया(पाकुड़ )।** प्रखंड के बासेतकुंडी पंचायत स्थित स्वास्थ्य केन्द्र से सिन्द्रीसोल ,राजपोखर तक सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ महेशपुर विधायक प्रो.स्टीफन मरांडी जी ने फीता काटकर व नारियल फोड़ कर किया। मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत? ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल पाकुड़ द्वारा प्रक्किलत राशि 184.702 लाख के लागत से 2.500 कि.मी. सड़क निर्माण कार्य का काम मेसर्स सनाउल कंस्ट्रक्शन द्वारा किया जाएगा। सड़क बन जाने से लखीपोखर, सिन्द्रीसोल राजपोखर सहित अन्य गाँव लभान्वित होगा। इससे पहले शिलान्यास स्थल पहुंचे विधायक महोदय का स्थानीय ग्रामीणों द्वारा पारंपारिक आदिवासी रीतीरिवाज से भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर विधायक प्रो.स्टीफन मरांडी ने अपने सम्बोधन मे शिलान्यास स्थल पर उपस्थित लोगों से कहा की झारखंड के हेमंत सरकार का उद्देश्य सुदूरवर्ती गांवों तक विकास पहुंचने का है झारखंड के गांव, पंचायत, प्रखंड को जिला मुख्यालय तक सड़क से जोड़ने का उद्देश्य है। राज्य सरकार के निर्देश पर सारे जर्जर सड़को को कायाकल्प करने का कार्य किया जा रहा है। अब ये महत्वपूर्ण सड़क के निर्माण हो जाने इलाके के लोगों को काफी सहूलियत मिलेगी आवागमन बेहतर होगी सड़क बनाने मे ग्रामीणों की भी सहयोग होना चाहिए ग्रामीण अपनी देखरेख में सड़क का निर्माण का कार्य कराये। साथ ही विधायक ने कहा राज्य की हेमंत सरकार बिना किसी भेदभाव के सभी वर्गों के लोगों के लिए विकास कार्य कर रही है। जिन क्षेत्रों में विकास की योजनाएं नहीं पहुंची हैं, उसे कैसे पहुंचाया जाए। उसपर भी कार्य हो रहा है। सरकार ने क्षेत्र के विकास के लिए समस्याओं को चिन्हित किया। जिस पर कार्य किया जा रहा है। विधायक ने शिलान्यास स्थल पर उपस्थित संवेदक से कहा की सड़क निर्माण कार्य गुणवत्तापुर्ण होनी चाहिए। सड़क निर्माण कार्य शुरू होने से ग्रामीणों मे खुशी का माहौल है ग्रामीणों ने विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया। मौके पर जिप अध्यक्ष जुली ख्रिष्टमणी हेम्ब्रम, प्रखंड अध्यक्ष मोतीलाल हाँसदा, सचिव मईनुद्दीन अंसारी, जॉन सोरेन, देवीधन टुडू, महेन्द्र टुडू, खुरशेद आलम, अशोक भगत, कालीदास टुडू, निवारण मरांडी, जुगनु मुखिया, मनेजार हेम्ब्रम, कुबराज मरांडी, सोहागिनी मुर्मू, जहीरूद्दीन अंसारी, जयफुल रहमान, नरेश हाँसदा सहित अन्य कार्यकर्ता विभागीय एई, जेई आदि उपस्थिति थे।



